*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 186

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के योगदान से अवगत कराना जरूरी है : हेमंत



# जीवन रक्षा को मिली उड़ान

## झारखण्ड की जनता के लिए पहली बार

## एयर एम्बुलेंस सेवा




## सेवा का शुभारंभ - 28 अप्रैल 2023

**नागर विमानन प्रभाग से संपर्क करें**

+91 82105 94073

0651-4665515

airambulance.cad@gmail.com





## सेवा हेतु प्रमुख मार्गों पर दरें -

| सेक्टर | दर | सेक्टर | दर |
|---|---|---|---|
| रांची - नई दिल्ली | ₹5.00 लाख | रांची - हैदराबाद | ₹7.00 लाख |
| रांची - मुम्बई | ₹7.00 लाख | रांची - वाराणसी | ₹3.30 लाख |
| रांची - चेन्नई | ₹8.00 लाख | रांची - लखनऊ | ₹5.00 लाख |
| रांची - कोलकाता | ₹3.00 लाख | रांची - तिरूपति | ₹8.00 लाख |

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य मार्गों पर परिचालन हेतु यह सेवा ₹1,10,000 /- मात्र प्रतिघंटे की दर पर उपलब्ध रहेगी, यथा - रांची - चंडीगढ़, रांची - पटना आदि

**रांची तथा**
देवघर | दुमका
बोकारो | धनबाद
जमशेदपुर | गिरिडीह
एयरपोर्ट पर भी एयर एम्बुलेंस सेवा होगी उपलब्ध

**अधिकतम दो घंटे में**
एयर एम्बुलेंस उड़ान हेतु होगा तैयार।
आपातकालीन उपकरणों सहित चिकित्सक के साथ सेवा होगी उपलब्ध

**फ्लाइट रीशिड्यूल**
करने का भी विकल्प, बशर्ते प्रस्तावित रीशेड्यूल में किसी अन्य आवेदक का प्रोग्राम प्रभावित न हो रहा हो

**पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण**
एयर एम्बुलेंस सेवा।
एयर एम्बुलेंस सेल की सेवा 24X7 घंटे रहेगी उपलब्ध

P.R. 295944 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel Subscribe NOW
No 1 Channel



# बासी कढ़ी में उबाल की तरह ही है नीतीश कुमार की ताजा पहल

## ■ कोलकाता-लखनऊ में कुछ खास हासिल नहीं कर पाये सुशासन बाबू

## ■ शरद पवार ने तो एकता की पूरी कवायद की हवा निकाल कर रख दी

## ■ कुनबा न भानुमति, फिर भी 2024 के लिए उम्मीद बांधे बैठे हैं विपक्षी दल

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में विपक्ष की हालत यह है कि उसके पास नेता, नीति, दिशा—कुछ भी नहीं है। पश्चिम की परिभाषा वाले लोकतंत्र में एक सशक्त विपक्ष का होना आवश्यक होता है, लेकिन निश्चित रूप से वह विपक्ष रचनात्मक ही हो सकता है, विध्वंसात्मक नहीं। अगर समान विचारधारा ही विध्वंसात्मक हो, तो ऐसे विपक्ष की आवश्यकता दुनिया के किसी लोकतंत्र को नहीं होती। इसलिए अब कहा जा रहा है कि भारत में विपक्षी दलों की एकता की पार्टी अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन खत्म हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, जगन रेड्डी, केसीआर, ममता बनर्जी आदि सभी अपने-अपने स्तर पर विपक्ष की एकता का प्रयास कर चुके हैं और सारे विफल भी हो चुके हैं। खास बात यह है कि ये सभी दूसरों के प्रयासों को विफल करने में जरूर सफल रहे हैं। अब नीतीश कुमार एक बार फिर इस कुनबे को जोड़ने के लिए रेस हुए हैं, यानी बासी कढ़ी में नये सिरे से उबाल आया है। नीतीश कुमार ने अपनी ताजा मुहिम में पहले कोलकाता में ममता बनर्जी से बात की और फिर लखनऊ में अखिलेश यादव से मिले। दोनों नेताओं ने कोई ठोस आश्वासन तो नहीं दिया, लेकिन नीतीश कह रहे हैं कि उनकी मुहिम सफल होती दिख रही है। इससे पहले नीतीश पिछले दिनों जब दिल्ली प्रवास पर थे, तब उन्होंने अपनी मुहिम को तेज करना शुरू किया था। हालांकि नीतीश जानते हैं कि दिल्ली में उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए भी कोई तभी तक राजी हो सकेगा, जब तक वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं और बिहार के मुख्यमंत्री वह तभी तक हैं, जब तक तेजस्वी यादव का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त है। इसलिए वह थोड़ा आगे निकलने की जुगत में हैं। राहुल गांधी के परिदृश्य से लगभग बाहर होने के बाद अब नीतीश को लगने लगा है कि उनके सामने कोई बाधा नहीं है। इसलिए वह उत्साहित नजर आ रहे हैं। लेकिन ममता-अखिलेश के अलावा दूसरे जितने भी क्षेत्रीय क्षत्रप हैं, कोई भी नीतीश की मुहिम को तवज्जो देने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है। शरद पवार ने तो यह कह कर इस मुहिम की हवा ही निकाल दी है कि अब तक मिल कर चुनाव लड़ने पर बात कहां हुई है, यानी सूत न कपास, जुलाहे में लट्ठम-लट्ठा। नीतीश कुमार की इस ताजा मुहिम के संभावित परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

बहुत देर नहीं हुई, जब देश के पूर्वी तट, यानी कोलकाता में विपक्ष की एकता की मुहिम का ताना-बाना बुना जा रहा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विपक्ष के मिशन 2024 के लिए साझा रणनीति पर मुहर लगा रहे थे। देश के पश्चिमी तट, यानी मुंबई में शरद पवार पूरी मुहिम की हवा यह कह कर निकाल रहे थे कि अभी तो मिल कर चुनाव लड़ने की इच्छा ही जतायी गयी है, मंजिल अभी बहुत दूर है। लेकिन पवार की इस टिप्पणी से बेखबर नीतीश कोलकाता से लखनऊ के लिए उड़े और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव से मिलने पहुंच गये। इन दोनों मुलाकातों में नीतीश कुमार को कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला, लेकिन इतना जरूर कहा गया कि एकता के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

दरअसल, विपक्षी एकता के लिए नीतीश कुमार लगातार प्रयास में हैं। एक ही दिन दो राज्यों के दो शहरों में उन्होंने दो नेताओं से मुलाकात की। बकौल नीतीश, ममता इगो छोड़ कर विपक्षी एकता के लिए तैयार भी हो गयीं। उन्हें जेपी आंदोलन की गंध भी मिल रही है, जिसने वर्षों से सत्ता पर काबिज कांग्रेस का सफाया कर दिया था। ममता का इस बात के लिए बेहिचक तैयार हो जाना कि भाजपा को हराने के लिए हम सबके साथ हैं, नीतीश की सबसे बड़ी कामयाबी कही जा रही है।

### क्या विपक्षी एकजुटता हकीकत बनेगी या सिर्फ हवाबाजी

नीतीश कुमार के मिशन, विजन और थीम पर ममता की सहमति जरूर मिल गयी, पर संदेह और सवाल की गुंजाइश तो अब भी है। ममता ने विपक्षी एकता की पहली बैठक पटना में आयोजित करने की सलाह भी दी। नीतीश सोमवार को ही लखनऊ में अखिलेश यादव से भी मिले। विपक्षी एकता के लिए नीतीश कुमार का अभी तक का प्रयास सही दिशा में जाता दिख रहा है।



सिद्धांततः सभी विपक्षी दल भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए तैयार हैं, लेकिन सबको साथ ला पाना ही कड़ी चुनौती है। इसलिए कि इनमें ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां हैं और सबका अपने-अपने राज्यों में वर्चस्व है। इतना ही नहीं, इन नेताओं ने पहले भी विपक्षी एकता की मुहिम शुरू की थी, जो मंजिल तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ गयी। नीतीश की ताजा मुहिम का हश्र भी कुछ ऐसा ही हो सकता है, क्योंकि इस कुनबे का सरदार कौन होगा, यह अब तक तय नहीं है।

अब बात नीतीश के ताजा प्रयास की। ममता बनर्जी हों या अखिलेश यादव, सबकी अपने-अपने राज्यों में अलग पहचान है। कोई भी अपनी पहचान गंवाने के लिए शायद ही तैयार हो। इसलिए भाजपा के खिलाफ एक साथ आने की सैद्धांतिक सहमति बनाना कोई बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि टिकट बंटवारे में किसे कितनी सीटें दी जायें या राज्यों में कौन अपनी पहचान मिटाने या वर्चस्व खत्म करने को तैयार होगा। ममता बनर्जी जिस माकपा और कांग्रेस की मुखालफत कर बंगाल की सत्ता पर काबिज हुईं, क्या उन दलों के साथ वह उनके उम्मीदवारों को जिताने के लिए चुनाव प्रचार करेंगी। क्या वाम दल मान जायेंगे कि ममता की मर्जी से उनके लोगों को टिकट मिले। कहना आसान है, लेकिन करना कठिन। यानी सिद्धांत और व्यवहार में जमीन-आसामान का अंतर होता है। अभी ममता विपक्षी एकता के लिए इगो छोड़ने को तैयार हो गयी हैं। सैद्धांतिक रूप से विपक्षी एकता की उनकी सहमति भी मिल चुकी, लेकिन आगे की डगर बहुत मुश्किल है। सभी दल अपने वर्चस्व को बनाये रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, यानी सीटों के समझौते पर मामला फंसेगा। यही बात शरद पवार ने कह भी दी है और इसलिए नीतीश के प्रयासों को बासी कढ़ी में उबाल की संज्ञा दी जा रही है।

### सभी दलों के साथ आने में नीतीश कुमार को भी संदेह

नीतीश कुमार को भी सभी विपक्षी दलों को साथ ला पाना आसान नहीं लगता। इसलिए वह बार-बार कह रहे हैं कि अधिक से अधिक लोगों को साथ लाने की उनकी कोशिश है। यह कोशिश तो उसी वक्त विफल हो गयी, जब नीतीश से अरविंद केजरीवाल की मुलाकात के हफ्ते भर के अंदर आम आदमी पार्टी के एक महासचिव ने साफ कर दिया कि उनकी पार्टी किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। पीएम या सीएम का चेहरा पहले से घोषित करने की उनकी पार्टी में परंपरा नहीं रही है। इसलिए अभी पीएम फेस की चर्चा आम आदमी पार्टी नहीं करेगी। इससे साफ है कि जो दल जहां मजबूत है, वह अपने वर्चस्व से कोई समझौता शायद ही करे।

### दागदार विपक्षी चेहरों पर कितना भरोसा करेगी जनता

विपक्षी एकता की इस मुहिम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण का नाम बेवजह घसीटा जा रहा है। कई लोग तो नीतीश कुमार को उसी रूप में देखने भी लगे हैं। यह देख-सुन कर थोड़ा आश्चर्य भी होता है। सत्ता के लिए नीतीश कुमार जिस तरह रोटी की तरह दल या गठबंधन उलटते-पलटते रहे हैं, वैसे में उनमें जयप्रकाश नारायण की छवि देखना जेपी का अपमान ही कहा जायेगा। वैसे नीतीश कुमार के लिए जेपी और लोहिया का अपमान कोई नयी बात नहीं है। दोनों ने जाति का विरोध किया। जेपी ने जो जाति तोड़ो, जनेऊ तोड़ो का नारा दिया और नीतीश सरकार जाति जनगणना करा रही है। लोगों से उनकी जाति पूछी जा रही है। जेपी के आंदोलन का मुद्दा भ्रष्टाचार भी था। विपक्षी एकता के लिए जितने नेता बेचैन हैं, उनमें नीतीश को छोड़ तकरीबन सभी दागदार हैं। व्यक्तिगत तौर पर ममता बनर्जी बची हुई हैं, लेकिन उनके परिजन और पार्टी के नेता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हैं। लालू परिवार, सोनिया गांधी का परिवार, केसीआर जैसे कई नेताओं के परिवार विपक्षी एकता के लिए बेचैन हैं। वे कोर्ट से भी राहत पाने में नाकाम रहे हैं। सब कुछ जनता के सामने है। ऐसे में यह अहम सवाल है कि क्या ऐसे चेहरों पर जनता भरोसा कर पायेगी।

---

### गोल धनबाद के केंद्र निदेशक ने दिये कई तरह के टिप्स

# अंतिम 11 दिन मेडिकल प्रतियोगियों के लिए बहुत ही अहमः संजय आनंद

**अंतिम समय में लगायें पूरी ताकत मिलेगा बेस्ट आउटपुट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेडिकल एंट्रेंस के लिए देश और राज्य भर के छात्रों को तैयार करनेवाले संस्थान गोल ने आगामी मेडिकल परीक्षा को लेकर छात्रों के तनाव को कम करने का प्रयास किया है। गोल ने राज्य के छात्रों को इसे लेकर कई तरह के टिप्स भी दिये हैं।

गोल धनबाद के केंद्र निर्देशक संजय आनंद ने कहा है कि परीक्षा में अब महज 11 दिन ही बचे हैं, ऐसे में परीक्षा को लेकर प्रतियोगियों के मन में कई तरह के सवाल हैं। जहां छात्रों के मन में इसे लेकर उत्साह व उमंग है, वहीं एक तरह का डर भी है। लेकिन हर परिस्थिति में आत्मविश्वास को बनाये रखना होगा। संजय आनंद बताते हैं कि अंतिम 11 दिन मेडिकल प्रतियोगियों के लिए बहुत ही अहम हैं। उचित मार्गदर्शन में अंतिम समय में अंतिम ताकत लगायें, ताकि अपनी ऊर्जा, क्षमता और समय का सही इस्तेमाल हो, जिससे आउटपुट बेस्ट मिले।

### गोल ने दिये सफलता के 11 टिप्स

GOAL IIT-JEE MEDICAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute



- ■ तीनों विषयों के महत्वपूर्ण चैप्टर्स को प्राथमिकता के आधार पर दोहरायें, जहां से प्रश्न ज्यादा पूछे जाते हैं। नये टॉपिक को ना पढ़ें, पढ़े हुए चैप्टर को ना छोड़ें।
- ■ क्योंकि बायोलॉजी से 50 प्रतिशत प्रश्न यानी 720 अंकों में 360 अंक यहीं से होते हैं, जो लाना आसान भी होता है, अतः छात्र अपनी पढ़ाई का 50 प्रतिशत समय बायो पर दें।
- ■ हर दिन परीक्षा के टाइम स्लॉट में यानी 2 से 5:20 तक नीट पैटर्न का एक टेस्ट या पेपर जरूर सॉल्व करें, ताकि 7 मई को भी उस समय परीक्षा के प्रति पॉजिटिविटी बनी रहे।
- ■ अब तक के हर टेस्ट के बाद विश्लेषण कर महत्वपूर्ण कांसेप्ट या मेमोरी बेस्ड पार्ट, डाउट्स क्लीयरिंग बिंदुओं से जो आपने डॉउट्स बेरड नोट्स तैयार की है, उसे हर दिन रिवाइस करते रहें।
- ■ नीट के न्यू पैटर्न पर अब तक बनाये गये सारे प्रश्न-पत्रों, टेस्ट सीरीज या मॉडुल्स के महत्वपूर्ण टिक मार्क प्रश्नों को दोबारा हल करें।
- ■ चूंकि 200 प्रश्नों में 20 प्रश्न छोड़ने हैं, समय प्रबंधन का ख्याल रखें। लेकिन समय सीमा में पेपर बनाते हुए प्रश्नों को पूरा पढ़ें, उसके बाद टिक मार्क करें। इससे निगेटिव मार्किंग की संभावना कम होगी।
- ■ पूरे प्रश्नों को कम से कम दो राउंड में सॉल्व करें। पहले बननेवाले प्रश्नों को सॉल्व करें, बाद में वैसे प्रश्न जो लगता है, समय देने पर बन जायेगा। टिक मार्क कर आगे बढ़ें। अंतिम बचे हुए मिनटों में चूंकि उसे री-रोड करने और समझने का मौका परीक्षा हॉल में ही दुबारा मिल जायेगा ऐसे बनने वाले प्रश्न सॉल्व हो चुके होंगे। ऐसे में ना बननेवाले प्रश्न बढ़े आत्मविश्वास के कारण बनने लगेंगे ।
- ■ हर टेस्ट को नीट परीक्षा की तरह ही सारे नियमों का पालन करते हुए दें। उस समय में एग्जाम के टेंपरामेंट को बनाये रखें। प्रश्नों के अटेम्प्ट सिक्वेन्स को विषय वार वैसे ही बनाये रखें जैसे आपने अब तक किया है। यानी परीक्षा हॉल में नया प्रयोग ना करें।
- ■ इनऑर्गेनिक, ऑर्गेनिक, बायोलॉजी जैसे मेमोरी बेस्ड पार्ट को एनसीआरटी से ही अंतिम टच दें, प्रश्न यही से पूछे जायेंगे।
- ■ एनसीइआरटी के कलर बॉक्स, प्वाइंट टू प्वाइंट सॉल्व उदाहरण, डायग्राम और जहां भी बिकाउज ऑफ ड्यू- टू सो बैट, हेप्स, देयर-फोर हो, समझने का प्रयास करें। चूंकि कुछ कन्सेप्ट और स्टेटमेंट बेस्ट प्रश्नों के साथ ही एसरन रिजन बेस्ट प्रश्न यहीं से पूछे जाते हैं।
- ■ अंतिम समय में डिस्कशन ना करें, रि-कॉलिंग प्रोसेस से थिंकिंग स्किल को डेवलप करें, कूल और कॉन्फिडेंट रहें। अपने मार्क्स की तुलना दूसरों से ना करें। हर एक नेगेटिव चीजों से दूर रहें।

---

# केंद्र सरकार की एजेंसियों के रवैये को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिएः सुप्रियो

**आरोप : केंद्र सरकार नहीं चाहती कि झारखंड सरकार सही तरीके से काम करे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप केंद्र सरकार पर लगाया है। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्र सरकार नहीं चाहती कि झारखंड में सरकार तरीके से काम करे। जनकल्याण, लोक सेवा की राह पर आगे बढ़े। भारत सरकार की एजेंसियां जिस तरह से यहां काम कर रही हैं, उससे यही लगता है। सुप्रियो ने कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसियों के रवैये को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। उसे देखना चाहिए कि पिछले नौ सालों में गैर भाजपा शासित राज्यों में कितनी बार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ।

### सरकार को कुछ पता नहीं, अखबारों में सब खबर

सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्रीय एजेंसियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां मामला मनरेगा में गड़बड़ियों को लेकर शुरू हुआ था, पर अब यह कई शाखाओं, प्रशाखाओं में फैल गया है। एजेंसियों द्वारा सीएम, अधिकारियों को समन होता है। छापेमारी होती है। कागजातों, पैसों की बरामदगी की बातें सामने आती हैं, पर इसके बारे में कोई औपचारिक सूचनाएं जारी नहीं होतीं। इसके विपरीत अखबारों में कमोबेश एक जैसी ही खबरें होती हैं। वैसे ही चैनलों पर भी खबरें चलती हैं। सब सूत्रों के हवाले से। ताज्जुब है कि आखिर मीडिया को सूचनाएं देता कौन है। सीबीआइ, इडी अब राज्य में एक अजीब मकड़जाल की तरह दिख रही है। ऐसे में अब कोई अधिकारी भी यहां किसी से बात करने में कतराता है। पूरे सिस्टम को कोलेप्स करने का काम किया जा रहा है। कोरोना के दो सालों के बाद जब सरकार काम करने में लगी, तभी से सरकारी काम को रोकने का नाटक शुरू हुआ है। चपरासी से अधिकारी तक, सबको डराया, धमकाया जा रहा है। बार-बार सीएमओ का नाम लिया जाता है। ऐसे में सिस्टम चलेगा कैसे? केंद्र सरकार को चाहिए कि वह लोकसभा में प्रस्ताव पास कर दे कि गैर भाजपा शासित राज्य नहीं होंगे। केवल और केवल जब तक यह सृष्टि है, भाजपा ही केंद्र से लेकर राज्य तक रहेगी। इससे केंद्र को किसी तरह की नौटंकी करने की जरूरत ही नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार चलती है, तो सीएम, मंत्री और उनके अफसरों-कर्मियों से हर दिन सैकड़ों लोग मिलने आते हैं। जो मिलने आते हैं, वे जरूर लिखित फरियाद लेकर आते हैं। लोकप्रिय सरकार का यह दायित्व बनता है कि उनकी समस्या का समाधान करे, इसके लिए संबंधित अफसरों को फोन करे। हम लोगों को भी पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं के सैकड़ों फोन आते हैं, लोग आते हैं। हम लोग भी संबंधित अफसरों को समस्या के समाधान को लेकर फोन करते हैं। यह तो अजीब स्थिति बन गयी है। केंद्र सरकार ने एक साजिश के तहत जांच एजेंसियों को लगा दिया। ऐसा माहौल पैदा किया जा रहा है कि सरकार कोई काम ही न करे। एक कृत्रिम व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



# हाइकोर्ट से देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 जून की तारीख मुकर्रर की। वहीं हाइकोर्ट के निर्देश के बाद गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट में देवघर डीसी की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने पक्ष रखा। वर्ष 2022 में फ्लाइट टेकऑफ करने को लेकर हुए विवाद के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर डीसी के खिलाफ जीरो एफआइआर दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए देवघर डीसी ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

www.epaper.azadsipahi.in

26 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 186

सूडान में फंसे भारतीयों की वापसी के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू, 278 लोगों को लेकर आइएनएस सुमेधा जेद्दा रवाना



## राज्य में हनी ट्रैप गिरोह सक्रिय : पुलिस की जांच है बाकी

# भाजपा विधायक को आया 'डर्टी वीडियो कॉल'

- मंत्री बन्ना गुप्ता पहले से इस मामले में हैं फंसे
- बन्ना मामले में दो महिलाएं भी आयीं सामने
- पुलिस में मामला कराया गया है दर्ज

**रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक सीपी सिंह को 24 अप्रैल की रात 1.15 में महिला का डर्टी वीडियो कॉल आया। इससे दो दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक डर्टी वीडियो वायरल हुआ था। बन्ना ने इस वीडियो को फर्जी बताया और जांच कराने की मांग की। इस बीच दो महिलाओं बन्ना गुप्ता मामले में खुद को शामिल किये जाने पर आपत्ति जतायी है। रांची से लेकर जमशेदपुर तक हर तरफ से मामला पुलिस के पास दर्ज करा दिया गया है। अब पुलिस ही मामले की जांच कर इस पर से पर्दा उठा सकती है। हालांकि इन मामलों के बाद चर्चा यह शुरू हो गयी है कि राज्य में हनी ट्रैप गिरोह सक्रिय हो गया है। सेक्सटार्सन और बदनाम करने के लिए इसका इस्तामल शुरू हो गया है। इस बीच इन मुद्दों को लेकर राजनीति भी खूब चल रही है। भाजपा ने स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस में भी इस मामले को लेकर गतिविधि बढ़ गयी है। आलाकमान तक मामले को पहुंचा दिया गया है।

## महिला ने मुझसे अश्लील बात की : सीपी सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि सोमवार 24 अप्रैल की रात एक अज्ञात नंबर से वाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। इस वक्त रात का 1.15 हो रहा था। चुंकी मैं हर फोन को खुद ही उठाता हूं, इसलिए उसे भी उठा लिया। यह फोन 7408335243 से आया था। जैसे ही मैं ने फोन उठाया तो उधर से किसी महिला के द्वारा अश्लील बातें सुनायी दी। महिला आपत्तिजनक स्थिति में थी। मैं ने फोन काटने की कोशिश की लेकिन फोन नहीं कटा। इसके बाद में ने फोन ही स्वीच ऑफ कर दिया। सीपी सिंह मंगलवार को रांची में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सीपी सिंह ने कहा कि उनकी आदत है कि वह 24 घंटे फोन खुद उठाते हैं। चाहे वह किसी अज्ञात व्यक्ति का ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि कॉल लगभग 30 सेकंड का रहा होगा। मुझे वीडियो कॉल की आदत नहीं थी, इसलिए मैंने फोन कान पर ही लगाया। बाद में लगा कि वह वीडियो कॉल था। उन्होंने कहा कि वीडियो कॉल पर महिला ने अश्लील बातें करने का प्रयास किया। मोबाइल स्क्रीन में दिख रही अज्ञात महिला काफी अस्त-व्यस्त और नग्न हालत में थी। फोन काटने पर कटा नहीं, तो स्वीच ऑफ कर दिया। सीपी सिंह ने कहा कि पूरे मामले की सूचना लालपुर थाना को मैंने दे दी है। सीपी सिंह ने कहा कि वीडियो कॉल में महिला ने वही किया जो अक्सर सेक्सटॉर्शन के मामलों में दिखता है।

## बन्ना गुप्ता मामले में एक महिला ने पुलिस में की शिकायत, दूसरी ने वीडियो जारी किया



**रांची / जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से जुड़े वायरल अश्लील वीडियो को लेकर दो महिलाएं सामने आयीं हैं। एक महिला ने पुलिस में खुद को बदनाम किये जाने की शिकायत की है, तो दूसरी ने वीडियो बना कर खुद को इस प्रकरण में बदनाम करने का आरोप लगाया है। एक महिला जमशेदपुर की, तो दूसरी रांची की है। रांची की महिला का नाम आरुषि वंदना है। उन्होंने हटिया डीएसपी को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। हटिया डीएसपी ने युवती के आवेदन को जगन्नाथपुर थाने को जांच के लिए फॉरवर्ड कर दिया है। आरुषि ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि मंत्री बन्ना गुप्ता से जुड़े अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने उनके फेसबुक प्रोफाइल पर जाकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। वह लंबे समय से कांग्रेस की सक्रिय सदस्य रही हैं। मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ उनका भाई-बहन का संबंध है। कुछ लोगों द्वारा उनके फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने से मान-सम्मान को ठेस पहुंच रहा है।

उधर, बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो में जो महिला नजर आ रही है, उसने एक और वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में जमशेदपुर की महिला कह रही है कि वह बन्ना गुप्ता को जानती तक नहीं है। महिला की तरफ से जारी किया गया है। महिला ने कहा है कि मैं नौकरी करती हूं। मेरे तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मेरी फोटा एडिट की गयी है। मैं मंत्री बन्ना गुप्ता को जानती तक नहीं हूं। फोटो, वीडियो वाइस कॉल चैट मैं अपने पति के साथ करती थी। वही सब कुछ एडिट है, इसमें बड़ी साजिश हैं। मेरा फोटो गलत इस्तेमाल किया गया है। मैं कभी बन्ना गुप्ता से मिली भी नहीं हूं। मेरे घरवालों का बुरा हाल है। मेरे घरवाले सदमा झेल नहीं पा रहे। मैं सभी से अपील करती हूं, इन सारे वीडियो को सोशल मीडिया से हटाया जाये। जिसने भी यह बड़ी साजिश की है, मैं प्रशासन से उम्मीद करती हूं कि वह सामने आये।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के मामले पर राजनीति तेज

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो को लेकर राजनीति तेज है। सांसद निशिकांत दुबे के साथ निर्दलीय विधायक सरयू राय भी इस मामले में कूद पड़े हैं। सरयू राय ने ट्वीट कर लिखा है कि मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ अश्लील चैट करनेवाली महिला के बिरसा नगर जोन 11 का गेट शाम 4 बजे खुला। 5 बजे वह अन्य तीन महिलाओं के साथ ह्वाइट वैगन-आर कार से कहीं निकल गयी। कार उस फर्नीचर हाउस का ड्राइवर छोटू चला रहा था, जिसमें वह काम करती है। पुलिस सक्रिय रहती, तो वह युवती पकड़ में आ जाती। उधर, बन्ना गुप्ता ने अपने वायरल वीडियो को एडिटेड बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने इस पूरे मामले पर सफाई देते हुए कहा कि जो महिलाएं मेरे पास किसी काम को लेकर आती हैं, उनसे ही मेरे व्यवहार के संबंध में पूछा जा सकता है। मेरा व्यवहार उनके प्रति एक मंत्री जैसा होता है या भाई जैसा है। विरोधी निचले स्तर तक जा चुके हैं।इस बीच प्रदेश कांग्रेस ने प्रभारी अविनाश पांडेय को पूरे घटना की जानकारी दे दी है। उन्होंने आलाकमान को सारी बातों से अवगत करा दिया है। चर्चा है कि पार्टी बन्ना गुप्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकती है।

### सीएम ने वीर कुंवर सिंह पार्क की दी सौगात

## शहीदों और आंदोलनकारियों के योगदान से अवगत कराना जरूरी है : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड वीरों, शहीदों और आंदोलनकारियों की धरती रही है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालेंगे तो यहां के अनेकों वीरों और आंदोलनकारियों ने देश और राज्य के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हम अपने वीरों- शहीदों को याद करें। उन्हें सम्मान दें। उनके बतायी राह पर आगे बढ़ें। यह हमारा कर्तव्य और दायित्व बनता है। आनेवाली पीढ़ी को हम अपने वीरों, शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और आंदोलनकारियों के योगदान से अवगत करायें, यह जरूरी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को रांची के हरमू में नवनिर्मित पार्क के उद्‌घाटन मौके पर बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी में नवनिर्मित वीर कुंवर सिंह पार्क में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां उनकी सिर्फ प्रतिमा ही नहीं होगी, बल्कि वीर कुंवर सिंह की पूरी जीवनी का जिक्र होगा। जो भी लोग यहां आयेंगे, उनके बारे में जानकारियां पा सकेंगे। खास कर आने वाली पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा की हरमू इलाके से हमारा पुराना नाता रहा है। मैं यहां रहा भी हूं और यहां का मतदाता भी हूं, ऐसे में यहां हो रहे बदलाव को देखता भी आ रहा हूं। इसी क्रम में वर्ष 2012-13 में जब नगर विकास मंत्री था, तो यहां के छोटे- बड़े मैदानों को सुसज्जित करने की योजना बनायी थी। सरकार से अलग होने के बाद यह योजना अधूरी रह गयी। पुनः जब हमारी सरकार बनी तो मैंने अपनी इस योजना को हकीकत रूप देने का कार्य शुरू किया है। आज वीर कुंवर सिंह पार्क हरमू वासियों को समर्पित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शहरों में मैदान काफी कम रह गये हैं। ऐसे में जो मैदान हैं, उन्हें व्यवस्थित और सुसज्जित करने का काम सरकार कर रही है। इसी कड़ी में हरमू स्थित इस मैदान को पार्क के रूप में विकसित किया गया है, जिससे इस इलाके के लोग इसका इस्तेमाल बेहतर तरीके से कर सकें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पार्कों को स्वच्छ और सुरक्षित करने में अपनी सार्थक भूमिका निभायें। इस अवसर पर विधायक सरयू राय, कमलेश सिंह, नवीन जायसवाल और कुमार जयमंगल के अलावा राज्य सरकार के अधिकारी और वीर कुंवर सिंह विचार मंच के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



# हाय-तौबा मचाने से पहले सत्यता की जांच होनी चाहिए: आलमगीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंत्री बन्ना गुप्ता का वायरल वीडियो मामले में झारखंड के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि किसी वीडियो को लेकर हाय तौबा मचाने से पहले सत्यता की जांच होनी चाहिए। जांच रिपोर्ट आने बाद ही पार्टी स्तर से कोई फैसला लिया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि आज सोशल मीडिया के जमाने में तस्वीर किसी का और आवाज किसी का हो सकता है। मंत्री बन्ना गुप्ता खुद लिखित शिकायत देकर इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है और जांच के उपरांत दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जबतक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती कुछ कहना मुश्किल है। आलमगीर आलम ने कहा कि आज सैकड़ों ऐसे लोग हैं और उनका अपना विचार और ख्याल है लेकिन इससे वीडियो वायरल करने वालों को कोई फायदा नहीं होगा। गलत को गलत और सही को सही हम तब कहेंगे जब इसकी जांच पूरी हो जायेगी और आगे का निर्णय ले पायेंगे।

## बाबूलाल ने डीजीपी को ट्वीट किया

# अतीक ने धर्म छिपा कर नर्स का किया यौन शोषण

**मरांडी ने जमुआ की नर्स के साथ यौन शोषण के मामले को गंभीरता से लेने का आग्रह किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जमुआ (गिरिडीह) में नर्स के रूप में कार्यरत एक 23 वर्षीय युवती के साथ यौन शोषण की घटना सामने आयी है। इस मामले में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी, झारखंड से पहल करने की अपील की है। ट्विटर पर घटना की जानकारी देते बाबूलाल ने बताया है कि नर्स के रूप में कार्यरत 23 वर्षीय युवती के साथ उसका सहकर्मी अतीक इकबाल धर्म छिपा कर लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। गर्भवती हो जाने के बाद गर्भपात कराने का दबाव और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। डीजीपी से अनुरोध है कि गिरिडीह के जमुआ थाने के कांड संख्या 101/2023 के इस मामले पर गंभीरता से कार्रवाई करें। अपराधी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगायी जा सके।

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में रेड डे उत्सव का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची के प्राइमरी विंग(एन डी जी ब्लॉक) में रेड डे समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी से यू के जी के विद्यार्थियों ने लाल रंग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी नन्हे-मुन्ने बच्चे लाल रंग के कपड़े, लाल मुकुट, लाल टोपी और कलाई पर लाल फीते बांधकर सज-संवर कर विद्यालय आए थे। शिक्षिकाओं ने भी अपनी-अपनी कक्षाओं को लाल रंगों, फूलों-फलों, टेडी, गुब्बारों और सजावटी वस्तुओं से सजाया था। इस दौरान सभी वर्गों की शिक्षिकाएं भी लाल रंग के परिधानों को पहनकर आईं थीं, जिससे विद्यालय परिसर काफी खूबसूरत लाल-लाल लग रहा था। बच्चों ने अपनी-अपनी स्क्रैपबुक में लाल वस्तुओं के पांच-पांच चित्र चिपकाने की गतिविधियों को भी किया। प्राचार्य एस के मिश्रा ने कहा कि लाल रंग उत्साह,आनंद और स्फूर्ति का प्रतीक है। रेड डे एक अद्भुत सीख की गतिविधि वाला दिन है। इससे बच्चों में संज्ञात्मक कौशल का विकास होता है और वे रंगों के आधार पर वस्तुओं को छांटने और वर्गीकृत करने में निपुणता प्राप्त करते हैं। हमारे दिन की शुरूआत भी लाल रंग से होती है। हमारे नन्हें-मुन्नों ने एक शानदार लाल दिन बिताकर जीवन में लालिमा भरी।

## मुक्ति संस्था ने विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग की

रांची (आजाद सिपाही)। मुक्ति संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नगर आयुक्त शशि रंजन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को शहर में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मुक्ति संस्था रांची की एक सामाजिक संस्था है। यह संस्था रिम्स में पड़े लावारिस और अज्ञात शवों का सामूहिक अंतिम संस्कार करती है। अब तक संस्था की ओर से 1534 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। इससे पूर्व 12 अप्रैल को संस्था ने राज्यपाल से मिलकर भी विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग रखी थी।

# इडी ने आइएएस छवि रंजन से मांगा संपत्ति का ब्योरा

## 1 मई को अपने और परिवार के हर सदस्य के संपत्ति का ब्योरा लेकर बुलाया

**आम लोग जमीन फर्जीवाड़ा की शिकायत लेकर पहुंच रहे इडी के पास**

अजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के पूर्व उपायुक्त और वर्तमान में कल्याण विभाग में निदेशक छवि रंजन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) एक बार फिर पूछताछ करेगी। इडी ने छवि रंजन को अपना और अपने परिवार के सबी लोगों का संपत्ति का ब्योरा लेकर 1 मई को इडी कार्यालय बुलाया गया है। उधर, जमीन फर्जीवाड़ा मामले की जांच से इडी पर आमलोगों का भरोसा बढ़ा है। लोग अन्य भू-खंडों के घोटाले की शिकायत को लेकर इडी के पास पहुंच रहे हैं।

गौरतलब है कि इडी ने सेना की जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल झारखंड, बिहार और बंगाल में 22 जगहों पर छापेमारी की थी। इस मामले में अब तक सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ चल रही है। आइएएस छवि रंजन से 24 अप्रैल को 10 घंटे पूछताछ हुई। सूत्रों के मुताबिक इडी के अधिकारी छवि रंजन के कई जवाबों से संतुष्ट नहीं हुए। अब इडी के अधिकारी एक बार फिर 1 मई को छवि रंजन को सवालों पर जवाब लेंगे।

इडी की इस कार्रवाई से लोगों का भरोसा बढ़ा है। पिछले कुछ दिनों से इडी कार्यालय में आम लोग पहुंच कर रांची के अन्य भूखंड के घपले की शिकायत कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इडी इन शिकायतों को गंभीरता से ले रही है। इसकी पुष्टि की जा रही है। इडी एक-एक कड़ी जोड़ने का प्रयास कर रही है। इसके बाद आगे कार्रवाई की उम्मीद है।

### ग्रामीण एसपी नौशाद आलम और भू माफिया के खिलाफ की शिकायत

रांची (आजाद सिपाही)। जमीन घोटाले मामले में आम लोग इडी कार्यालय पहुंच कर शिकायत दर्ज करा रहे हैं। सोमवार को कांके निवासी रविंद्र राय ने ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, जमीन माफिया पंकज सिंह, तत्कालीन डीसी, डीसीएलआर समेत कई लोगों पर संगीन आरोप लगाते हुए इडी से शिकायत दर्ज करायी है। रविंद्र राय ने लिखित शिकायत में कहा है कि हमारे जमीन पर पुलिस अधिकारियों के सहयोग से कब्जा कराया गया। इस कब्जे में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने जमीन माफिया को सहयोग किया। हमें कहा गया कि यदि जिंदा रहना चाहते हो तो इस जमीन को छोड़कर चले जाओ। इसके अलावे ग्रामीण एसपी पर यह भी आरोप लगाया है कि खुद थाने में बैठकर मेरे ऊपर एससी-एसटी केस दर्ज करने का आदेश दिया गया। जमीन पर आने से रोका गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जमीन माफिया खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बताता था। दस से बीस लोगों की संख्या में जमीन पर आकर धमकी देता था। कुछ लोग जबरदस्ती घुस कर मारपीट किये और पैसे भी छीन लिये थे।

## राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार पहुंचे रांची विवि डीएसपीएमयू कहा -

# डीएसपीएमयू जल्द ही श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में शामिल होगा : प्रो ई बालागुरुसामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्ण के शैक्षणिक सलाहकार प्रो. ई बालागुरुसामी ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का इतिहास काफी पुराना है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखने की जरूरत है कि हम नन-स्किल्ड डिग्रीधारी युवाओं को तैयार करने से बचें। हमें यह ध्यान रखना होगा कि हम सिर्फ डिग्री न बांटें, बल्कि विश्वविद्यालय से युवाओं को दक्ष और बोल्ड बना कर निकालें। मौके पर कुलपति आरयू प्रो. डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रोवीसी डॉ अरुण कुमार सिन्हा और सभी विभागों के हेड, डीन और प्राध्यापक मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अच्छे शिक्षक ही स्किल्ड युवाओं को तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति में सबसे अच्छी बात है कि छात्र सिर्फ डिग्री प्राप्त नहीं करेंगे, बल्कि पढ़ाई के साथ ही स्किल्ड भी होंगे। इसके लिए हमें पारंपरिक सिलेबस में बदलाव करना पड़े, तो हम करेंगे। प्रो ई बालागुरूसामी ने शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जल्दी ही काम करने की बात कही। इस दौरान डॉ बालागुरूसामी ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी नाम से लिखी अपनी पुस्तक कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा को भेंट की। इस दौरान कुलाधिपति के शैक्षणिक सलाहकार प्रो. ई गुरूसामी रांची विश्वविद्यालय विजिट के दौरान सबसे पहले शहीद चौक स्थित रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंचे। यहां उनका छात्राओं ने झारखंडी परंपरागत नृत्य और गायन के साथ स्वागत किया। उन्होंने कई किताबें लिखने के अलावा आंध्रप्रदेश में आइटी सलाहकार, हरियाणा और पंजाब सरकार में सलाहकार तथा कई राज्यों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

**इन विभागों का किया भ्रमण**

प्रो. ई बालागुरूसामी ने कुलपति तथा आरयू के सभी पदाधिकारियों के साथ मोराबादी कैंपस स्थित आरयू के आइक्यूएसी, जूलॉजी, बॉटनी, बायोटेक, केमिस्ट्री, मास कम्युनिकेशन, लीगल स्टडीज विभागों में जाकर कक्षाओं, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम सहित अन्य सुविधाओं को देखा। साथ ही शिक्षकों, निदेशक और हेड से बात कर जानकारियां लीं। विभागों को देखने के बाद उन्होंने संतोष व्यक्त किया और कहा कि रांची विश्वविद्यालय को हम एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ स्मृति सिंह ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव आरयू डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने किया। इस अवसर पर कुलपति, प्रतिकुलपति आरयू के अलावा आरयू एफए डॉ देवाशीष गोस्वामी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ प्रीतम कुमार, सीसीडीसी डॉ पीके झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, एफओ डॉ. कुमार आदित्यनाथ शाहदेव, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ हरि उरांव सहित कई विभागों के हेड, डीन और प्राध्यापक उपस्थित थे।

# श्री श्याम मंदिर में 47वां सुंदरकांड पाठ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 47 वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़ और फल का प्रसाद अर्पित किया। वहीं नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ साज बाज के धुन के बीच श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव के साथ पाठ किया और भजनों का गायन भी किया। श्री श्याम मंदिर बजरंग बली सालासर वाले की जय जयकारों से गूंज रहा था। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांनढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित कर श्री हनुमान जी के दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, श्याम सुंदर जोशी और अभिषेक सरावगी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

**शनिवार को 60वां श्री श्याम भंडारा**

श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार 29 अप्रैल को शाम पांच बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा। मेडिका अस्पताल (रांची) के प्रबंध व्यवस्था के प्रमुख अनिल शर्मा (वाइस प्रेसिडेंट) सुनीता शर्मा, रामअवतार जांगिड़, (जीएम) पूनम जांगिड़, ज्ञानेश झा (वित्त प्रमुख), प्रियंका झा अपने अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों को भंडारे में आमंत्रित किया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कला संगम दुर्गा मंदिर का वार्षिक उत्सव मना

रांची (आजाद सिपाही)। कला संगम दुर्गा मंदिर नार्थ मार्केट रोड, अपर बाजार रांची का 26वां वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। अपर बाजार स्थित कला संगम दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगीं। मंगलवार सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जैसे-जैसे दिन चढ़ रहा था, वैसे-वैसे भक्तों की संख्या मां के दर्शन करने के लिए पहुंच रही थी। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूआत शेरावाली मैया का महा स्नान मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। उसके बाद सुबह 8 बजे माता जी की आरती उतारी गयी और भोग वितरण किया गया। दोपहर 3:00 से सुंदरकांड का पाठ और कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया तथा संध्या 7:00 बजे माता जी की महाआरती कर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था का कला संगम परिवार उपस्थित था। यह जानकारी समिति के पूर्व सह मंत्री नमन भारतीय ने दी।

### शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुसामी पहुंचे स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन



रांची (आजाद सिपाही)। गवर्नर सह चांसलर के एकेडमिक एडवाइजर प्रो ई बालागुरूसामी मंगलवार को वीसी आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा के साथ स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन पहुंचे। मास कम्युनिकेशन विभाग में पहुंचने पर निदेशक प्रो डॉ बी पी सिन्हा ने झारखंडी चादर ओढ़ा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद एकेडमिक एडवाइजर प्रो ई बालागुरूसामी ने रूचिपूर्वक पूरे मास कॉम विभाग को देखा। उन्हें बताया गया कि रांची युनिवर्सिटी का मास कम्युनिकेशन विभाग बिहार झारखंड का पहला पत्रकारिता और जनसंचार विभाग है। उन्होंने इसपर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रो ई बालागुरूसामी ने कुलपति के साथ विभाग में कक्षाओं के साथ ही लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, स्टूडियो, कंप्यूटर लैब को देखा और विभाग की सराहना की। मास कॉम के निदेशक डॉ बी पी सिन्हा ने आरयू मास कॉम की हाल की गतिविधियों की जानकारी भी दी और बताया कि स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन का मुंबई युनिवर्सिटी से एमोयू किया गया है। स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत मुंबई से छात्र पांच दिवसीय दौरे पर आये थे। कुछ दिनों पहले विभाग ने बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म एडिटर असीम सिन्हा को यहां बुला कर छात्रों के लिए एक वर्कशॉप कराया है और जल्द ही यहां के छात्र वर्कशॉप में भाग लेने मुबंई यूनिवर्सिटी जायेंगे। विभाग के क्रियाकलापों पर प्रो ई बालागुरूसामी ने संतोष प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह, मास कॉम के उपनिदेशक डॉ विष्णु चरण महतो, विभागीय शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा, संकर्षण परिपूर्णन, पी एस तिवारी, सुशील रंजन उपस्थित रहे।

### जय भारत सत्याग्रह के तहत उपवास आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता बुधवार को उपवास करेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार 26 अप्रैल को बापू वाटिका, मोरहाबादी में प्रदेश स्तरीय जय भारत सत्याग्रह के तहत उपवास कार्यक्रम आयोजित की गयी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला प्रभारी प्रदेश महासचिवों को यह निर्देश दिया कि अपने अपने प्रभार जिला के जिला अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। देश में बढ़ रही बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, मोदी अडाणी के गठजोड़ द्वारा जनता और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट के खिलाफ कांग्रेस पूरे देश भर में चरणबद्ध आंदोलन चला रही है, इसके तहत पूर्व में सभी जिला मुख्यालय में जय भारत सत्याग्रह, प्रखंड एवं पंचायतों में नुक्कड़ सभा आयोजित कर मोदी सरकार के अलोकतांत्रिक चरित्र का विरोध किया जा रहा है।

### गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में हुई युवती की हत्या के 24 घंटे बाद भी आरोपित को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेंब्रम ने मंगलवार को बताया कि जांच में मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। प्रेम-प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है। दीपक नाम का युवक घटना का मुख्य आरोपित है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि लापुंग थाना क्षेत्र के कोइनारा गांव में रविवार की रात सुशांति कुमारी (20), पुत्री बुधवा उरांव की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी। युवती का शव सोमवार को बरामद किया गया था।

### इस्लाम नगर के 280 लाभुकों को आवास आवंटित

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के अंतर्गत रांची के इस्लाम नगर की स्लम बस्ती में निमार्णाधीन 291 आवासों के लिए मंगलवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन हॉल में इ-लॉटरी करायी गयी। इसके माध्यम से 280 लाभुकों को आवास आवंटित किये गये। लॉटरी प्रक्रिया में कुल 280 लाभुक उपस्थित हुए थे। बता दें कि इस्लाम नगर में किफायती आवासीय परियोजना के तहत जी 3 के 20 ब्लॉक बनाये गये हैं। एक फ्लैट में 1 लिविंग रूम, 1 बेडरूम, 1 रसोई घर, 1 शौचालय, 1 बाथरूम एवं 1 बालकनी है। इससे पहले अतिथिगणों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लॉटरी में आये लाभुकों और फ्लैट की संख्या को जोड़ कर फाइनल आवंटन सूची तैयार कर आवंटन की प्रक्रिया पूरी की गयी। आवंटन की पूरी सूची रांची म्यूंसिपल कॉरपोरेशन डॉट कॉम पर अपलोड कर दी गयी है। मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, वॉर्ड पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह माहन, उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, सहायक नगर आयुक्त शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक और निगम के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### अधिवक्ता काला बिल्ला लगा कर न्यायिक कार्य में हुए शामिल

रांची (आजाद सिपाही)। रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को काला बिल्ला लगा कर न्यायिक कार्य कर रहे हैं। रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने बताया कि रांची सिविल कोर्ट के सभी वकील काला बिल्ला लगा कर न्यायिक कार्य में शामिल हुए हैं। इस आंदोलन में सभी वकीलों का पुरजोर समर्थन मिला है। हम सरकार, बार काउंसिल ऑफ झारखंड और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए काम करनेवाली सभी संस्थाओं को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। इस दौरान सभी अधिवक्ताओं को एसोसिएशन की ओर से काला बिल्ला भी लगाया जा रहा था। इससे पूर्व काला बिल्ला लगा कर कार्य करने का निर्णय रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया था।

# स्थानीय भाषा में प्रचार-प्रसार कर जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ रही हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विभिन्न अवसरों पर अकसर कहते हैं कि देश के कई राज्य आज अपनी परंपरा, संस्कृति और भाषा को साथ लेकर अग्रणी राज्यों में शामिल हैं। लेकिन, झारखंड में यहां की स्थानीय भाषाओं को प्रमुखता नहीं दी गयी। यही वजह है कि झारखंड पिछड़ा रहा और सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लोगों को नहीं मिल पाया। अगर स्थानीय भाषा में उन्हें योजनाओं की जानकारी दी जाती और स्थानीय भाषा में उनसे संवाद किया जाता तो योजना का लाभ लोगों को जरूर प्राप्त होता मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य के सभी अधिकारी और कर्मचारी अब जोहार शब्द से अपना संवाद शुरू करने लगे हैं। सरकार स्थानीय भाषाओं का प्रचार-प्रसार कर रही है। सरकार की योजनाओं की जानकारी और उसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने के लिए यह प्रयास शुरू किया है। अभी हाल में 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी हिंदी, नागपुरी, हो, संथाली, मुंडारी और कुडुख भाषा में प्रचारित-प्रसारित कराया गया। ताकि लोगों को योजना की जानकारी के साथ लाभ मिल सके।

**स्कूलों में भी मातृभाषा में शिक्षा :** स्थानीय भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से पाचवीं तक की पढ़ाई हो, संथाली, कुडुख, मुंडारी और खड़िया में कराने का निर्णय लिया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी सिंहभूम, साहिबगंज, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में इसे शुरू किया गया है, जिससे बच्चों को मातृ भाषा आधारित शिक्षा प्राप्त हो सके।

### स्थानीय भाषा में अधिकारी करें लोगों से संवाद

विगत दिनों मुख्यमंत्री सिविल सर्विस डे समारोह में कहा था कि झारखंड में अधिकारियों तथा पदस्थापित होने वाले अधिकारियों को स्थानीय भाषा की जानकारी होनी चाहिए। जिससे वे अपनी बात लोगों तक सार्थक ढंग से पहुंचा सकें और उनसे संवाद कर सकें। ऐसा होने से लोग उनकी बातों को आसानी से समझकर उसपर अमल करेंगे। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्देश भी दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एयर एंबुलेंस की सेवा की शुरुआत करेंगे कल



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 अप्रैल से राज्य सरकार की एयर एंबुलेंस की सेवा की शुरुआत करेंगे। इस सेवा के जरिए इमरजेंसी की स्थिति में मरीज को देश के अन्य अस्पतालों में बेहतर इलाज के लिए ले जाने की सुविधा कम दरों पर मिलेगी। नागर विमानन विभाग निदेशक संचालन कैप्टन एसपी सिन्हा ने बताया कि एयर एंबुलेंस की सेवा दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, चेन्नई, हैदराबाद, बनारस जैसे शहरों के लिए होंगे। केवल तीन घंटे की सूचना पर ही एयर एंबुलेंस मरीज के लिए उपलब्ध होगी। राज सरकार अपना एयर एंबुलेंस रांची रख रही है जो स्टेट हैंगर में रहेगी। इसकी सेवा ना केवल रांची से बल्कि देवघर, दुमका, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो व जमशेदपुर की हवाई पट्टी से भी मिलेगी। इन जिलों के मरीज नागर विमानन विभाग या संबंधित जिलों के डीसी से संपर्क करेंगे तो तीन घंटे के अंदर ही सेवा उपलब्ध करा दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गंगा नारायण सिंह को किया नमन

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमिज विद्रोह के महानायक अमर शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि अंग्रेज शोषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले भूमि विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। जय झारखंड।

### नि:शुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर 28 मई को

**रांची (आजाद सिपाही)।** भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची एवं रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन द्वारा एक नि:शुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 28 मई को सुबह 9:30 बजे से महावीर भवन, पीएचडी कॉलोनी के सामने भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के निकट, बरियातू रोड रांची में लगेगा। इसमें कोहनी से नीचे कटे हाथ (कम से कम 4 इंच का हिस्सा लगा हो) वाले महिलाओं-पुरुषों एवं बच्चों को एलन मीडोज प्रॉस्थेटिक हेंड्स फाउंडेशन, अमेरिका द्वारा निर्मित हाथ लगाये जायेंगे। यह हाथ लगाने एवं निकालने में सहज, टिकाऊ एवं उपयोगी है। रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह राजपुरोहित के अनुसार इसका वजन 400 ग्राम है। यह शिविर रिहैबिलिटेशन काउंसिल इंडिया के निर्देशन में लगाया जायेगा। इच्छित लोग 9110141366, 9771473820 नंबर पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह जानकारी भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची के अध्यक्ष पूरनमल जैन सेठी ने दी है।

### जायका टीम ने उकरिद गांव का भ्रमण किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत में जायका टीम द्वारा उकरिद गांव का भ्रमण किया गया। इसमें जेएसएलपीएस के सीओ सर सुरेश कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सर, जायका जापान के कंट्री हेड का पारंपरिक तरीके से उन लोगों का स्वागत सखी मंडल की दिदिओं के द्वारा किया गया। क्षेत्र भ्रमण में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, टीसओ, प्रोग्राम मैनेजर, बीपीम जेएसएलपीएस, बीपीओ फआई, बीपीओ ऑर्गेनिक, बीपीओ ईपी, फटीसी, एडमिन, बीपीओ मनरेगा और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### टेंडर हार्ट में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भारत सप्ताह के अवसर पर टेंडर हार्ट विद्यालय में 25 से 30 अप्रैल तक विद्यालय परिसर में छह दिवसीय नि:शुल्क नेत्र और दंत परीक्षण शिविर लगाया गया है। मंगलवार को इस जांच शिविर की शुरुआत विद्यालय प्रांगण मे विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी, उपनिदेशक वेदान्त तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा के उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी ने बताया कि टेंडर हार्ट विद्यालय शिक्षा के साथ साथ अन्य सामाजिक जिम्मेदारियों के वहन में सदैव तत्पर रहता हैं और इस निशुल्क जांच शिविर का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का समयानुसार उचित परीक्षण और उपचार करना है। प्राचार्या उषा किरण झा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में आंखों और दांतो का देखभाल भी अति आवश्यक है, इसलिए इस नि:शुल्क कैंप का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है।

### दहकते अंगारों पर चल कर सैकड़ों शिव भक्तों ने दी भक्ति की परीक्षा

**रांची (आजाद सिपाही)।** तुपुदाना,झारखंड का पारम्परिक लोकपर्व मंडा पूजा धूमधाम तथा भव्य और पूरी विधि विधान से इस पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस पर्व को राज्य में अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। मंडा पूजा में शिव भक्त भगवान भोले शंकर को अपनी भक्ति की शक्ति से खुश करने के लिए 11 दिनों से पूरा नियम का पालन करते हुए भोक्ता शिव आराधना में लीन रहते है। भोक्ता 11 दिनों तक दिन में एक बार भोजन करते है। दिन में दो बार नहाते है एवं सुबह और शाम महादेव की पूजा अर्चना करते है। इन 11 दिनों तक भोक्ता नियम के साथ रहते है। इन 11 दिनों में वे कोई भी अधार्मिक कार्य या अधार्मिक बात तक नही करते है। 11 दिनों तक सात्विक भोजन करते है और नंगे पांव ही रहते है.सभी भोक्ता फुलखुन्दी के दिन निर्जला उपवास रखते है तथा शाम को दहकते अंगारे पर चल कर अपनी भक्ति की शक्ति को साबित करते है। दहकते अंगारे पर चलने से पहले महादेव बाबा की पूजा की जाती है। सभी भोक्ता शाम को नौ बार स्नान करते है फिर हर बार महादेव बाबा की पूजा की जाती है। फुलखुंदी के दिन भोक्ताओं के घर की महिला सदस्य जिसे सोखताइन कहा जाता है वे भी उपवास रखती है और महादेव मंडप में अपने घर के भोक्ता को बारी बारी से नौ बार अपने लोटा से उनके ऊपर जल छिड़कर शुद्ध करती है। महादेव जी की पूजा के उपरान्त उल्टा लटकर धुआंसी में झुलते है। इसके बाद दहकते अंगारे पर चलते है। मेले में शामिल श्रद्धालु उन फूलों को लेते है और अपने घरों के पूजा स्थल में रखते है जिससे उनकी भी मनोकामना पूरी होती है। इस मेले में मनोरंजन के लिए झूला,मिक्की माउस,जंपिंग पैड, के अलावा कई अन्य साधन मौजूद है। इस बार मंडा पूजा के शुभ अवसर पर यज्ञ और भोक्ताओं को शिव भक्ति में लीन करने हेतु नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन अयोध्या धाम के आचार्यों एवं पूरी के कथा वाचक डॉ आदिकेशव रामानुज दास के देखरेख में किया गया।

## रांची-पटना मुख्य मार्ग चुटुपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा, दर्जनों घायल

# यात्रियों से भरी बस को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत चुटुपालू घाटी में एक बार फिर भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनका सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की अहले सुबह करीब 4 बजे बख्तियारपुर से रांची जा रही बदीनी बस संख्या बीआर 21एल 7774 को रांची तरफ से आ रही ट्रेलर संख्या डब्लूबी 37डी 9143 की सीधी टक्कर हो गया। बताया जाता है कि ट्रेलर का अचानक चुटुपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया और डिवाइडर से तड़पते हुए यात्रियों से भरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतना भयावह था कि बस सड़क के बीचों बीच पलट गयी।

**घटना में इनकी हुई मौत, ये हुए घायल :** घटना में रातू रोड रांची निवासी 66 वर्षीय वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मुखिया जी पिता स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह और नालंदा बिहार निवासी 22 वर्षीय अरविंद कुमार पिता रामानंद यादव की मौत हो गयी है, जबकि घायलों में 29 वर्षीय पटना निवासी धर्मेंद्र कुमार, 40 वर्षीय बिहार शरीफ निवासी सनोज राम, 13 वर्षीय बख्तियारपुर निवासी गोलू कुमार, 20 वर्षीय अभिषेक कुमार, प्रमोद कुंवर, बिहार शरीफ निवासी 35 वर्षीय सुजीत कुमार, पटना निवासी 51 वर्षीय जितेंद्र सिंह, 59 वर्षीय बिहार शरीफ निवासी अनंत प्रसाद महतो, 22 वर्षीय सुशील कुमार 22, 13 वर्षीय रितेश कुमार, बिहार शरीफ नूर सराय निवासी 38 वर्षीय टूसन प्रसाद, 36 वर्षीय तरुण कुमार, नालंदा निवासी 46 वर्षीय रेणु कुमारी, नवीन कुमार आदि शामिल है।

# देश को पहली वाटर मेट्रो मिली, मोदी ने किया उद्घाटन

**मोदी ने पहले डिजिटल साइंस पार्क की भी नींव रखी**

**केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायी**





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के पहले वाटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन किया। साथ ही केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह सबसे पहले तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने तिरुवनंतपुरम-कासरगोड के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को विदा किया। इसके बाद उन्होंने तिरुवनंतपुरम में देश के पहले डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी। यह प्रोजेक्ट कुल 1515 करोड़ को है। इसके अलावा मोदी ने देश की पहली वाटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन किया। पोर्ट सिटी कोच्चि में तैयार की गयी मेट्रो कोच्चि सिटी से आस-पास के 10 टापुओं को जोड़ेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केरल को अपनी पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है। आज ही कोच्चि को वाटर मेट्रो की सौगात मिली है। कनेक्टिविटी के साथ-साथ आज केरल के विकास से जुड़े और भी कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इन सभी के लिए केरल के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। मोदी ने केरल के लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के लोग बहुत ही जागरूक, समझदार और शिक्षित हैं। यहां के लोगों का सामर्थ्य, विनम्रता, परिश्रम उनकी एक विशिष्ट पहचान बनाता है। आप सभी देश-विदेश की परिस्थितियों से भी भली भांति परिचित रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक जितनी भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चली हैं उनकी एक विशेषता यह भी है कि वो हमारे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों को भी जोड़ रही है। केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन भी नॉर्थ केरल को साउथ केरल से जोड़ेगी। कोच्चि वाटर मेट्रो का प्रोजेक्ट भी 'मेड इन इंडिया' है। यह यूनिक है। इसके लिए मैं कोच्चि शिपयार्ड को भी बधाई देता हूं।

# सीसीएल में दो दिवसीय सीएसआर कॉन्फ्रेंस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में दो दिवसीय (25-26 अप्रैल, 2023) सीएसआर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव (कोयला),कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, अमृत लाल मीना एवं कोल इंडिया अध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। इससे पूर्व कोल इंडिया सीएसआर कान्फ्रेंस का उद्घाटन संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, कोयला मंत्रालय, निरूपमा कोटरू एवं निदेशक, कोल इंडिया, विनय रंजन ने किया। मौके पर सीएमडी, सीसीएल, पीएम प्रसाद, निदेशक तकनीकी, सीसीएल, राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी, सीसीएल, बी साइराम, निदेशक, सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक, पवन मिश्रा, निदेशक, बीसीसीएल, मुरली कृष्णा रमैया, निदेशक, एमसीएल, केशव राव, स्वकतंत्र निदेशक, सीसीएल, रमेश कुमार सोनी उपस्थित थे। देशभर के ख्याति प्राप्त वक्ता अपने अनुभव को साझा करने के साथ-साथ कॉन्फ्रेंस केविषय री इंजीनियरिंग सीएसआर पर विचार मंथन किया जा रहा है। अमृत लाल मीना ने कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी के सीएसआर गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि सीएसआर एक ऐसा माध्यम है, जिससे कंपनी की सामाजिक स्वकृति बनती है। निदेशक विनय रंजन ने कहा कि कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि सीसीएल सीएसआर योजनाओं के माध्यम से समग्र विकास की प्रतिबद्धता को पूरा कर रहा है। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता प्रख्यात पर्यावरणविद् सोनम वांग्चु ने कहा कि विकसित देशों के मॉडल का अनुसरण करने के बजाय अपने परिस्थिति के अनुरूप विकास का मॉडल के निर्माण की आवश्यकता है।

# सेवा समाप्ति के बाद भी लोगों की मदद को उपलब्ध रहूंगा : डिप्टी मेयर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय का कार्यकाल 28 अप्रैल को समाप्त हो जायेगा। इसे लेकर उन्होंने निगम कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेसवार्ता में विजयवर्गीय ने कहा कि वह अपनी सेवा समाप्ति के बाद भी लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेंगा। राजधानी के लोगों की सेवा करते रहने का उन्होंने भरोसा दिलाया है। डिप्टी मेयर ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से जनता के विश्वास और आशीर्वाद से वे पहले पार्षद और बाद में उप महापौर बने। उनका उप-महापौर के तौर पर कार्यकाल समाप्त हो रहा है। राज्य सरकार समय से निकाय चुनाव नहीं करा रही है, ऐसे में जनप्रतिनिधियों (नगर निगम) के ना होने से जनता की परेशानी जरूर बढ़ेगी पर फिर भी वे रांची की जनता की मदद को हमेशा तैयार रहेंगे। 28 अप्रैल के बाद से वे नगर निगम के कार्यालय में नहीं बल्कि अपने कोकर स्थित आवासीय कार्यालय में इसके लिए उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान संजीव ने बतौर वार्ड पार्षद और डिप्टी मेयर के तौर पर अपने कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनायीं। उन्होंने बताया कि निगम के जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के साथ-साथ राज्य सरकार के सहयोग से कई ऐसे कार्य हुए हैं, जो मील का पत्थर साबित हुए हैं।

### हिमालय के बेस कैंप पहुंचे गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र शशि शेखर



**रांची (आजाद सिपाही)।** शशि शेखर ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई प्रारंभ की है। एवरेस्ट की चढ़ाई चढ़ते हुए वह माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर पहुंच गये हैं। इसकी ऊंचाई 5364 मीटर है। शिखर तक की चढ़ाई के लिए शशि शेखर ऐक्लीमेटाइज और ट्रेनिंग कर रहे हैं। अनुकूल मौसम के संकेत मिलते ही मां सागरमाथा के पारंपरिक पूजन के बाद आगे चढ़ाई की जायेगी। शशि शेखर इतिहास रचने से कुछ कदम दूर हैं। शशिशेखर शिखर पर पहुंच कर तिरंगा लहरायेंगे। इसके पूर्व शशि शेखर ने माउंट मणिरंग के सम्मिट कैंप पर तिरंगा फहराया था, जो कि लगभग 19000 फीट पर स्थित है। माउंट मणिरंग हिमाचल प्रदेश में स्थित भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है, जिसकी कुल ऊंचाई 21631 फीट है। बता दें कि शशि शेखर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# कीट और किस के दौरे पर प्रो. गणेश लाल

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेश लाल और आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इंद्रेश कुमार ने मंगलवार को कीट और किस का दौरा किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए राज्यपाल प्रोफेसर गणेश लाल ने कहा कि बच्चे अपने स्कूल के दिनों से ही जीवित दुनिया में सभी के प्रति सम्मान, पहचान और प्यार के बंधन में बंध कर समाज में वास्तविक इंसान बन सकते हैं। प्रोफेसर लाल ने यह भी कहा कि किस एक बेहतरीन जगह है, इसलिए यहां बच्चों को ज्ञान प्राप्त करने का अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। प्रो गणेशी लाल ने इस तरह का अवसर पैदा करने का श्रेय किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत को दी। प्रो अच्युत सामंत की प्रयासों की सराहना की। आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों में राष्ट्रीय स्वरोजगार संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इंद्रेश कुमार भी शामिल थे। इस अवसर पर उन्होंने मातृभूमि की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी आदिवासी हैं, चाहे हम भारत के किसी शहर में रहते हों या गांव में। किस के छात्रों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि किस आपका सुरक्षा कवच है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र बन सकता है अगर वह अनुशासन अपनाकर और गर्व, विदेशीपन को त्याग कर आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारा पैदा कर सकता है। उन्होंने छात्रों को देशभक्ति की भावना और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने की सलाह दी। इस अवसर पर किट और किस के संस्थापक प्रो सामंत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किस ने आदिवासी छात्रों और उनके परिवारों के विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस कार्यक्रम में बाबा राम नारायण दास ने छात्रों को आशीर्वाद दिया, जबकि कीट और कीस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम में अन्य लोगों के बीच किट डीम्ड विश्वविद्यालय के कुलपतिप्रो दीपक कुमार बेहरा सहित किट तथा किस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंग लाया सांसद संजय सेठ का प्रयास, चांडिल और खलारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति

**रांची (आजाद सिपाही)।** चांडिल व खलारी स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई। सांसद संजय सेठ के प्रयास से रेलवे बोर्ड ने इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है। इस ठहराव के लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार जताया है। इस बाबत रेलवे बोर्ड की तरफ से अधिसूचना जारी की गयी है। संयुक्त निदेशक विवेक कुमार सिन्हा द्वारा जारी इस अधिसूचना में खलारी व चांडिल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव से संबंधित जानकारी दी गयी है।

### श्री शंकराचार्य महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा बाड़ी अल्बर्ट एक्का चौक रांची के प्रांगण में आज मंगलवार को संध्या 7 बजे से आदि गुरु श्री शंकराचार्य महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम आदि गुरु श्री शंकराचार्य महाराज के चित्र पर माल्यार्पण तत्पश्चात गुरु पादुका स्त्रोत पाठ किया गया। इसमें मुख्य रुप से वक्ता के रूप में श्री दुर्गा बाड़ी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य, डॉक्टर एचपी नारायण एवं रांची विश्वविद्यालय के कमल बोस उपस्थित थे। इसके बाद भजन गीत प्रस्तुत किया गया। इसमें मातृका आश्रम रांची से माता वागेश्वरी पूरी, माता श्रीतमा पूरी तथा माता श्री तथेष्ठा पूरी सम्मिलित रहीं। यह जानकारी प्रवक्ता प्रदीप रॉय बाबु ने दी।

### वनबंधु परिषद महिला समिति की बढ़ते दिल के दौरे के मद्देनजर सीपीआर परीक्षण कार्यशाला



**रांची (आजाद सिपाही)।** वनबंधु परिषद, रांची की महिला समिति ने दिल के दौरे के मामले में भारी वृद्धि को देखते हुए 25 अप्रैल को चैंबर भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कारशाला के प्रशिक्षक और वक्ता एक युवा जाने माने हृदय रोग विपक्ष डॉक्टर कुशाग्र महानसारिया थे। सीपीआर तकनीक सिखाते हुए डॉक्टर कुशाग्र ने दिल के दौरे के लक्षणों पर चर्चा की। रांची महिला समिति की अध्यक्ष अनुपमा राजगढ़िया ने कहा की विशेष रूप से युवाओं में दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के मद्देनजर कार्यशाला समय की जरूरत है। रांची महिला समिति की सचिव अनिता तुलस्यान ने कहा कि सीपीआर एक ऐसा कौशल है, जिसे हमें आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार होना चाहिए। इस आयोजन में रेखा जैन, सुनीता महानसरिया, राज जैन, राज राजगढ़िया, कांति सेठी, विजया अजमानी, सुमन मिनोचा, रमेश धरणीधरका, जयदीप मोदी, मनोज तुलस्यान, विशेष केडिया, प्रशांत कुमार ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

### पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल का निधन, दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित



**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक और पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार को निधन हो गया। 95 वर्षीय बादल को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद एक सप्ताह पहले मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रकाश सिंह बादल का पार्थिव शरीर चंडीगढ़ के सेक्टर -28 के शिअद कार्यालय में सुबह 10 से 12 दोपहर तक दर्शन के लिए रखा जायेगा। इसके बाद उन्हें उनके पैतृक गांव ले जाया जायेगा। जहां 27 अप्रैल को दोपहर 1:00 बजे अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनके निधन पर दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-एस01-टीडब्ल्यूएस-108सेट, दिनांक 24.04.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, द. पू. रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** रांची मंडल के थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (टीटीआर) कार्यों के संबंध में एस एवं टी कार्यों का निष्पादन: टीटीआर [थीक वेब स्वीच (टीडब्ल्यूएस) +सीएमएस क्रॉसिंग (सीएमएससी)-5 सेट एवं टीटीआर [थीक वेब स्वीच (टीडब्ल्यूएस)+वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग (डब्ल्यूसीएमएससी)-103 सेट। इसमें ईएक्स चांडिल जंक्शन से-मुरी-ईएक्स कोटशिला (डीएफसी फीडर रूट) में डबल डिस्टैंट सिग्नलों को चालू करने के लिए स्टेशनों/एलसी गेट/आईबी की मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम/पैनल इंटरलॉकिंग का बदलाव/सुधार शामिल है। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,22,96,643.23; **बयाना राशि:** रु. 3,61,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.05.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 03.05.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** कार्य निविदा के लिए **www.ireps.gov.in।** (PR-93)

**LOST & FOUND**

As per affidavit Ref. No. : 21751 dated : 06.04.2023 I, Satyam Jha, son of Sunil Kumar Jha, age about-24 Yrs., Resident at Shyam Dham Apartment, 1B, Harihar Singh Road, Morhabadi, P.S-Bariyatu, District-Ranchi, do hereby solemnly affirm declare as under :-

1. That my name is SATYAM JHA and my date of birth is 17.01.1999.
2. That I have passed class 12th in the Year 2017 from D.A.V. Public School, Bariatu, Ranchi, under C.B.S.E. Board Delhi.
3. That my 12th pass original certificate issue from C. B.S.E. Board Delhi, but my aforesaid original certificate lost between Harihar Singh Road to D.A.V. School, Bariyatu on dated 05.04.2023 at 11 A.M. which is not traceable till today.
4. That this affidavit done to lodge a F.I.R. nearest Police station that is Bariyatu P.S - Ranchi.
5. That the above statement are true & correct.

**SAINIK SCHOOL TILIAYA**
**PO-TILAIYA DAM, DISTT - KODERMA**
**PIN - 825413 (JHARKHAND)**

**PUBLIC AUCTION NOTICE**

1. The School will be auctioning various condemned stores "as is where is basis" on 04 May 2023 at 1100 hrs in front of School MT Garage Area.
2. All these condemned stores can be inspected 05 days before the auction date between 1000 hrs to 1300 hrs with the intimation /permission of Administrative Officer Sainik School Tilaiya.
3. Auction will start on schedule date & time mentioned above and will continue during the day light hrs only. Where not completed, auction will continue on next day till completion during the day light hrs.
4. Highest bidder has to pay the complete bid amount subsequently failing which his bid claim will be cancelled and no claim will be entertained later on.
5. Lots sold will have to be lifted by the successful bidder at his own expense.
6. Sainik School Tilaiya employees directly or indirectly are not allowed to participate in the auction.
7. All the participating bidders have to bring their valid identity card.
8. Bid entry amount is Rs 20,000/- (Twenty Thousands only) which is refundable to the unsuccessful bidders and adjustable for successful bidder with his final payment. Amount will be submitted as **DD** in favour of **Principal Sainik School Tilaiya, SST Branch,** Branch Code SBIN 3502)

**(Anant Shrivastava)**
**Sgn Ldr**
**Adm Offr, Principal**

No. SST/Q/90 Date : 24 Apr 2023

# सच सामने आये

देश के टॉप मेडल विनर पहलवान एक बार फिर जंतर मंतर पर बैठ गये हैं। रविवार रात उन्होंने वहीं बिताई और उनका कहना है कि जब तक उनकी शिकायत पर उपयुक्त कार्रवाई नहीं होती वह धरने पर बैठे रहेंगे। यह स्थिति वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। खास कर इसलिए कि पहलवानों ने कोई पहली बार अपनी मांग नहीं रखी है। तीन महीने पहले भी वे धरने पर बैठे थे। उनकी शिकायत भी कोई मामूली नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौनशोषण का आरोप ऐसा नहीं हो सकता, जिसे नजरअंदाज कर दिया जाये। हैरत की बात यह है कि तब इन पहलवानों को पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद मुनासिब कार्रवाई का जो आश्वासन दिया गया था, वह किसी अंजाम तक पहुंचता नहीं दिख रहा। हालांकि जानी-मानी बॉक्सर मैरी कोम की अध्यक्षता में एक समिति बनायी गयी थी। कहा जा रहा है कि उस समिति ने इसी महीने के पहले हफ्ते में अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी थी, लेकिन उस बारे में कोई औपचारिक सूचना उपलब्ध नहीं है। अगर सचमुच यह रिपोर्ट आ गयी है, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? चूंकि इस मामले में आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाये गये हैं, इसलिए गोपनीयता बरतने का कोई मतलब नहीं बनता। देशवासियों के सामने उन पहलवानों और महिला पहलवानों ने आकर शिकायत की, जो देश का गौरव हैं। चाहे कुश्ती महासंघ हो या खेल मंत्रालय, वे समय पर इनकी शिकायत सुनने और उनका हल निकालने में नाकाम रहे, तभी ये पहलवान जंतर-मंतर पर धरना देने को विवश हुए। इसलिए अब दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। अगर इन पहलवानों की शिकायत गलत पायी गयी, तो वह बात भी सार्वजनिक की जानी चाहिए। लेकिन अगर उनकी शिकायत सही है, तो दोषी व्यक्तियों के खिलाफ बिना देर किए कार्रवाई होनी चाहिए। चूंकि ऐसा होता नहीं दिख रहा, इसलिए खेल मंत्रालय समेत देश का पूरा खेल ढांचा संदेह के घेरे में आ रहा है। और, अब तो एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज करा दी है। हालांकि शिकायत मिल जाने के बाद भी पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं किया और इसके लिए भी पहलवानों को अदालत का रुख करना पड़ा। समझना चाहिए कि यह किसी खेल संगठन या उसके पदाधिकारियों से ही जुड़ा मसला नहीं है। इससे यह सवाल भी जुड़ा है कि हम खिलाड़ियों के साथ किस तरह का व्यवहार करते हैं? उनकी शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं? दुनिया में देश का मान बढ़ाने वाले इन खिलाड़ियों को इंसाफ पाने के लिए बार-बार ऐसे सड़क पर उतरना पड़े, यह सरकार और प्रशासन के लिए कोई अच्छी बात नहीं है।

**देशवासियों के सामने उन पहलवानों और महिला पहलवानों ने आकर शिकायत की, जो देश का गौरव हैं। चाहे कुश्ती महासंघ हो या खेल मंत्रालय, वे समय पर इनकी शिकायत सुनने और उनका हल निकालने में नाकाम रहे, तभी ये पहलवान जंतर-मंतर पर धरना देने को विवश हुए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पीएम मोदी ने मई 2022 और नवंबर 2021 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दो बार कटौती की थी - जिनसे पेट्रोल में 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की कमी आयी। इनसे केंद्रीय खजाने पर सालाना 2.2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ा। इसके अलावा, भारत सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए, निर्यातकों को मुनाफाखोरी से रोकने के लिए घरेलू उत्पादित पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्यात उपकर और विंडफॉल (अप्रत्याशित) टैक्स भी लगाया।**

# झूठे नैरेटिव का सच से सामना-भारत में ईंधन की कीमतें



**हरदीप एस पुरी**



प्रमुख नैरेटिव को अक्सर एक वस्तुपरक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ऐसे नैरेटिव अक्सर उन लोगों द्वारा तैयार किये जाते हैं, जिनका अपना एक एजेंडा होता है और इसलिए उन्हें एक परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता होती है। इएच कार की प्रसिद्ध उक्ति है, इतिहासकार अपने तथ्यों के बिना जड़हीन और निरर्थक है; इतिहासकार के बिना तथ्य मृत और अर्थहीन हैं।

इसका एक उदाहरण है - ईंधन की कीमतों का संदर्भ और इससे जुड़ी समझ। पेट्रोल और डीजल की लगातार कम कीमतें, जो संभव नहीं हैं, केवल कल्पना की दुनिया के लिए हो सकतीं हैं।

भारत में ईंधन की कीमतें बहुत अधिक हैं, यह एक ऐसे नैरेटिव पर आधारित है, जो बहुत ही दोषपूर्ण है। वास्तव में, ये कीमतें, मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा उपलब्धता और इसे किफायती बनाये रखने के प्रयासों के कारण, दुनिया की सबसे कम कीमतों में से एक हैं।

पीएम मोदी ने मई 2022 और नवंबर 2021 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दो बार कटौती की थी - जिनसे पेट्रोल में 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की कमी आयी। इनसे केंद्रीय खजाने पर सालाना 2.2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ा। इसके अलावा, भारत सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए, निर्यातकों को मुनाफाखोरी से रोकने के लिए घरेलू उत्पादित पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्यात उपकर और विंडफॉल (अप्रत्याशित) टैक्स भी लगाया।

**सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा इन कीमतों को छह अप्रैल 2022 से अपरिवर्तित रखा गया है।**

तेल विपणन कंपनियों ने (ओएमसी) अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक होने का परिचय देते हुए भारतीय नागरिकों को नियंत्रित दरों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित की, जिसके कारण इन्हें ऊंची कीमतों के दौर में भारी नुकसान उठाना पड़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा इन कीमतों को 6 अप्रैल 2022 से अपरिवर्तित रखा गया है। कई राज्य सरकारें ने भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने के लिए वैट में कटौती की। यहां कई बातें महत्वपूर्ण हैं, सभी नहीं - लेकिन कुछ राज्य वैट दरों में कटौती नहीं करने और राज्य में कीमतों को कम नहीं करने के अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहे। गौरतलब है कि बीजेपी शासित राज्यों और जिन राज्यों ने अपनी वैट दरों में कटौती की है, वहां पेट्रोल और डीजल पर वैट की दर आम तौर पर 14.50 रुपये से 17.50 रुपये प्रति लीटर है, जबकि राज्यों में वैट की सीमा 26 रुपये से 32 रुपये प्रति लीटर है। इससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ता है और खर्च में भारी अंतर आता है।

कांग्रेस शासित राजस्थान में उपभोक्ता, पेट्रोल के लिए 108.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 93.80 रुपये प्रति लीटर दे रहे हैं, जो पड़ोसी बीजेपी शासित उत्तर प्रदेश की तुलना में पेट्रोल पर लगभग 12 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 4 रुपये प्रति लीटर अधिक है, जहां उपभोक्ता क्रमशः 96.57 रुपये प्रति लीटर और 89.76 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं।

यूपीए सरकार द्वारा 2005-12 के बीच किये गये स्थायी नुकसान के कारण, जिसके तहत ओएमसी को अंडर-रिकवरी के बजाय 1.44 लाख करोड़ रुपये के दीर्घकालिक तेल बांड जारी किये गये थे, भारतीय करदाता अभी भी ब्याज + मूलधन के रूप में 3.2 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर रहे हैं।

वाइएसआर-कांग्रेस शासित आंध्र प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 110.48 रुपये प्रति लीटर और 98.27 रुपये प्रति लीटर है, जो कर्नाटक की तुलना में लगभग 10 रुपये अधिक है, जहां यह क्रमशः 101.94 रुपये प्रति लीटर और 87.89 रुपये प्रति लीटर है। आंध्र प्रदेश ने लगातार दूसरे साल भारत में सबसे ज्यादा पेट्रोल की कीमत वाले राज्य का रिकॉर्ड बनाया है।

टीआरएस शासित तेलंगाना में, उपभोक्ता भारत में पेट्रोल की दूसरी उच्चतम दर @109.66 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं। यह यूपी (96.57 रुपये प्रतिलीटर) की तुलना में 13 रुपये प्रति लीटर अधिक है। प्रतिशत में, तेलंगाना में पेट्रोल पर वैट की दर 35.2 प्रतिशत है, जबकि यूपी में यह 26.8 प्रतिशत है! यूपी के 17.48 प्रतिशत की तुलना में तेलंगाना में डीजल पर वैट की दर 27 प्रतिशत है!

पश्चिम बंगाल में उपभोक्ता पेट्रोल के लिए 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 92.76 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं, जबकि असम में उपभोक्ता क्रमशः 97.02 रुपये प्रति लीटर और 88.30 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं। यदि दीदी को अपने लोगों की परवाह है, तो वे पेट्रोल के दाम, 100 रुपये प्रति लीटर से कम क्यों नहीं कर देतीं हैं?

पाखंड साफ, स्पष्ट और बिना ठोस आधार के हैं, जिसे सभी देख सकते हैं। यहां तक कि जब विमान ईंधन की कीमतों की बात आती है, जो आतिथ्य और यात्रा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, तो कुछ राज्यों का घोर लालच स्पष्ट और साफ दिखायी पड़ता है। हाल के महाराष्ट्र बजट 2023 में: राज्य सरकार ने जेट ईंधन पर वैट को 18 प्रतिशत तक घटा दिया है, जबकि भारत का सबसे बड़ा विमानन केंद्र - दिल्ली - उन राज्यों में से एक है, जो अभी भी जेट ईंधन पर 25 प्रतिशत तक का ऊंचा टैक्स लगाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय गैस सूचकांकों (जापान कोरिया) में जनवरी 2021 और फरवरी 2023 के बीच प्राकृतिक गैस की कीमतों में 228 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, भारत में (सीएनजी) मूल्य वृद्धि (दिल्ली प्रतिनिधि बाजार) लगभग 83 प्रतिशत तक सीमित थी। ऐसा 2013-14 के आवंटन से घरेलू गैस आवंटन में लगभग 250 प्रतिशत तक की वृद्धि करने और सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए घरेलू गैस को अन्य गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से अलग करने जैसे कदमों के कारण संभव हुआ।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने घरेलू उत्पादित प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण पद्धति को संशोधित करने का एक बड़ा निर्णय लिया है, जो भारत के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह संतुलित निर्णय, भारतीय प्राकृतिक गैस की कीमत को भारतीय क्रूड बास्केट के मासिक औसत की तुलना में 10 प्रतिशत पर निर्धारित करता है। उद्योग के साथ-साथ उपभोक्ताओं द्वारा संतुलित सुधार के रूप में इस निर्णय की सराहना की जा रही है। उद्योग जगत अधिक गतिशील और मजबूत मूल्य निर्धारण व्यवस्था से लाभान्वित होता है, उपभोक्ता पहले से ही इनका लाभ उठा रहे हैं, क्योंकि घरेलू पीएनजी और सीएनजी की कीमतों में 7-8 रुपये तक की कटौती की गयी है।

हालांकि, इस संकटपूर्ण समय में अपने 1.4 बिलियन नागरिकों को सुलभ और सस्ती ऊर्जा प्रदान करने में भारत की अभूतपूर्व सफलता को पूरी दुनिया स्वीकार करती है, लेकिन कुछ पाखंडी राज्य सरकारें और राजनीतिक नेता अपनी नागरिक-विरोधी रणनीति को छिपाते हुए अर्थहीन बातें बोलते रहते हैं। यह उनके लिए ईंधन पर राज्यों के टैक्स में कटौती करने का समय है।

**(लेखक : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# अनियंत्रित कार पलटी, आठ घायल

### कुदरत ने दिखाया करिश्मा : एक माह के नवजात को खरोंच तक नहीं आयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजनगर।** राजनगर थाना अंतर्गत हाता चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित छोटानागपुर कॉलेज के समीप एक इनोवा कार अनियंत्रित होने से कार में सवार आठ लोग घयाल हो गये, जबकि कुदरत ने ऐसा करिश्मा दिखाया एक माह के नवजात को खरोंच तक नहीं आयी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो व पुलिस के मदत से सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए राजनगर सीएचसी लाया गया। दुर्घटना में कार दो बार पलटी मारी, नवजात को उसकी मां अपने बांहों में जकड़ कर रखी थी, जिससे उसे कुछ भी नहीं हुआ। घायलों में 8 वर्षीय जयंती गोदसोरा, 30 वर्षीय जमुना गोदसोरा, 38 वर्षीय मंगल तियु, 35 वर्षीय विक्टर कलुंडिया, 34 वर्षीय सावित्री कलुंडिया, 18 वर्षीय पूजा सोय, 20 वर्षीय मनीषा सिदू, 39 वर्षीय संजय सिदू शामिल रहे। मौके पर चालक संजय सिदू ने बताया सभी लोग आदित्यपुर के कुलुपटंगा से राजनगर के पोटका गांव रिश्तेदार के यहां आ रहे थे। छोटानागपुर कॉलेज के समीप साइकिल सवार को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर कार दो पलटी मारते हुए खेत में घुस गयी। बाद में स्थानीय लोगो के सहयोग से कार को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला गया। मौके पर पुलिस भी पहुंची। फिलहाल सभी घायलों का राजनगर सीएचसी में इलाज चल रहा है। वहीं डॉक्टरो के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं। बच्ची को ज्यादा चोट आयी है।

# 'कोशिश' ने पक्षियों के लिए मिट्टी का पात्र देकर पानी-दाना देने की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में तापमान बढ़ते ही पक्षियों के लिए पानी की समस्या बढ़ने लगी है। प्रत्येक वर्ष हजारों पक्षी पानी की कमी से दम तोड़ देती हैं। मंगलवार को शहर की सामाजिक संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' सदस्यों ने पहल शुरू कर दी। उन्होंने गर्मियों में बेजुबान पक्षियों को बचाने के उद्देश्य से गोलमुरी के नामदा बस्ती आनंद नगर में सैकड़ों मिट्टी के पात्र का घर-घर जाकर वितरण किया।

इस दौरान संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह समेत दर्जनों सदस्यों ने लोगों से मिट्टी के पात्र में पानी भरकर छतों व खिड़कियों में नियमित रूप से रखने की अपील की। मौके पर शिवशंकर सिंह ने बताया प्रत्येक वर्ष तपती गर्मी में ना जाने कितने पक्षी प्यास व हीट स्ट्रोक का शिकार होते है। यदि सभी व्यक्ति एक छोटी-सी कोशिश कर थोड़ी-सी मानवता दिखाएं तो गर्मी में पक्षियों की मौत में काफी कमी आ सकती है। उन्होंने कहा मई-जून के गर्मी में प्लास्टिक अथवा स्टील के बर्तन में पानी रखने से धूप के रखा पानी बहुत गर्म हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के बर्तन में पानी रखने की अपील की गयी। इस अवसर पर बच्चा सिंह, जे पी सिंह, बिजेंद्र सिंह, नथुनी सिंह, उमेश गिरी, राकेश गिरी, पप्पू कुमार, त्रिदेव सिंह, करमजीत सिंह कम्मे, सुखदेव गुरुंग, मिथिलेश सिंह, संजय सिंह, अशोक गिरी, संदीप सिंह, श्रीनिवास पाण्डे, संजय गिरी, चंदन सिंह, विनोद झा, हन्नी परिहार, राजेश सिंह, राजा अग्रवाल, कुणाल शर्मा, पीयूष ईशु, रसविन्दर सिंह, बंटी सिंह, अजय सिंह, शेखर बाबू, शैलेन्द्र प्रसाद, कुमार गौतम, कुंदन सिंह, सुबोध शर्मा, रितेश मिश्रा, रमेश राजू, कुमार विवेक, अमित वर्मा व अन्य शामिल रहे।

# सरयू राय ने भाजपा नेता सुधांशु ओझा और नरेश सिंह के आवास जाकर परिजनों से मुलाकात की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने पिछले दिनों जमशेदपुर के कदमा शास्त्रीनगर सांप्रदायिक हिंसा मामले में जेल भेजे गये भाजपा नेता सुधांशु ओझा, नरेश सिंह सहित अन्य के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने श्री राय को बताया कि किस प्रकार पुलिस प्रशासन ने झुठे मुकदमें में फंसा कर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि उनके घर के लोगों को इस हिंसा से कोई संबंध नहीं था। सरयू राय ने प्रशासनिक कार्रवाई को गलत ठहराया और परिजनों को आश्वस्त किया उनके हर संघर्ष में परिजनों के साथ वे और उनके दल के सभी लोग खड़े है। सरयू राय के साथ भाजमो नेता मुकुल मिश्रा, शेषनाथ पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

# जुगसलाई में वॉक करने निकली महिला से पर्स की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई में बजरंग टेकरी रोड की रहने वाली महिला से पर्स की छिनतई हुई है। महिला रीता सिंह से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छीन लिया और फरार हो गये। बदमाश स्टेशन की तरफ फरार हुए हैं। घटना सोमवार की रात नौ बजे की बतायी जा रही है। रीता अपने एक पहचान की महिला के साथ वाक पर निकली थी, तभी यह घटना हुई। जुगसलाई थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। रीता ने पुलिस को बताया कि उसके पर्स में 1500 रुपये और एक मोबाइल था। दोनों बदमाश हेलमेट पहने हुए थे। मंगलवार को फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कदमा की युवती को जान से मारने की धमकी, डीएसपी से हुई शिकायत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा थाना क्षेत्र के भाटिया बस्ती मोहन पथ की रहने वाली युवती ज्योति रागी को जान से मारने की धमकी मिली है। ज्योति रागी ने मंगलवार को मामले की शिकायत डीएसपी हेडक्वार्टर टू कमल किशोर से की। डीएसपी कमल किशोर ने पीड़िता को सोनारी थाना भेज दिया है और कहा है कि सोनारी थाने में जाकर शिकायत दर्ज करायें। ज्योति ने डीएसपी को बताया कि सोनारी का रहने वाला शिबू बारीक उर्फ छोटू उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है और वह वीडियो कॉल करके पिस्टल और गोली भी दिखाता है। ज्योति इवेंट का काम करती है। डेढ़ साल पहले उसकी पहचान शिबू बारीक से हुई थी। शिबू ने उसे शादी का झांसा दिया और अपने साथ रखा। युवती ने बताया कि शिबू उसके घर भी आया था और परिजनों को भी धमकी दी। ज्योति का कहना है कि शिबू मादक पदार्थ का धंधा करता है। यह जानकारी जब युवती को हुई तो वह उससे अलग होना चाहती थी, लेकिन शिबू ने उसे आदर्श नगर स्थित अपने फ्लैट में बंधक बना लिया था और मोबाइल भी छीन लिया था। दो दिन पहले ही वह किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर पहुंची है।

# आनंद मोहन की रिहाई पर क्षत्रिय समाज में खुशी की लहर, 51 किलो लड्डू बांटा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के झारखण्ड प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह ने आनंद मोहन के रिहाई पर खुसी जाहिर की। मंगलवार को प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह नेतृत में सिदगोड़ा 28 नंबर चौक के पास 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर प्रदेश संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह शामिल हुए। उन्होंने बिहार सरकार के द्वारा पूर्व सांसद आनंद मोहन को दिये गये स्थायी रिहाई के लिए विशेष सराहना की। श्री सिंह ने बताया पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई से न्याय को जीत मिली है। उनके रिहाई के लिए पटना गांधी मैदान में आयोजित होने वाली सिंहगर्जना रैली को सफल बनाने के उदेश्य से पिछले वर्ष जनवरी माह में उनके सुपुत्र शिवहर से विधायक चेतन आनंद ने जमशेदपुर का दौरा किया था। उस वक़्त जमशेदपुर के क्षत्रिय समाज के प्रमुख राजनेता विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, शंभू सिंह,अभय सिंह, समरेश सिंह, रोहित परमार के साथ घंटों बैठक की थी। सभी ने आनंद मोहन के जल्द रिहाई के लिए समर्थन का भरोसा दिलाया था। मौके पर समरेश सिंह ने आनंद मोहन के पुरे परिवार को शुभकामना देते हुए प्रश्ननता जाहिर की। उन्होंने कहा समाज के अथक प्रयास का ही परिणाम है। इस अवसर पर रौनक सिसोदिया, श्रीकांत सिंह, राजेश सिंह, कृष्णमोहन सिंह, अनूप सिंह, सदानंद सिंह, मनीष सिंह, संतोष सिंह, प्रियांशु सिंह, हिमांशु सिंह, अनूप तिवारी, मुकेश गुप्ता, अजय पांडेय, पवन सिंह, मोनू सिंह, विवेक प्रसाद, असरफ अली उपस्थित रहे।

# खरकई टीओपी में तैनात कांस्टेबल के निधन से पुलिसकर्मियों में छायी मायूसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के खरकई टीओपी में तैनात कांस्टेबल डानियल हेंब्रम के आकस्मिक निधन से पुलिस कर्मियों में मायूसी छा गई। बताया जा रहा है डालियन हेंब्रम का सोमवार शाम 7:30 बजे अचानक सीने में दर्द की शिकायत होने लगी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राजन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हें तत्काल टीएमएच लाया गया। लेकिन टीएमच में जांच के बाद चिकित्सकों ने कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया। कांस्टेबल डेनियल हेम्ब्रम गोड्डा के रहनेवाले थे। मौके पर थाना प्रभारी राजें कुमार ने परिजनों को घटना की सूचना दी। वहीं परिजन मंगलवार को अहले सुबह पहुंच कर डेनियल हेमब्रम का शव को लेकर अपने निवास स्थल गोड्डा के लिए रवाना हो गये।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### सतबहिनी मेला में शिव चर्चा एवं दुगोला का हुआ आयोजन, मंत्री ने किया 51 हजार रु. का सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के रामकंडा प्रखंड अंतर्गत हरहे पंचायत के केरवा गांव में सतबहिनी मेला का आयोजन किया गया गया। इस मेले में रंका रमकंडा, बड़गड़, भंडरिया, चिनीया एवं बलरामपुर छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाग लिया। मौके पर गढ़वा से आये मनोज यादव की टीम ने दिन में शिव गुरु चर्चा एवं रात्रि में पूर्वडीहा तथा चैनपुर पलामू के व्यास गुड्डू दूबे एवं उपेंद्र तिवारी की टीम ने शानदार चैता दुगोला मुकाबला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मेला कमेटी ने पूरी टीम को अंग वस्त्र और माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर मंत्री के सौजन्य से 51 हजार रुपये का सहयोग कमेटी को दिया गया। मौके पर मुखिया श्रवण कमलापुरी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा सचिव सह खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, मुकेश तिवारी, राजा सिंह, नीलेश तिवारी, सूरज चंद्रवंशी, विवेक सिंह, रमकंडा प्रखंड सचिव विनोद यादव, भरदुल यादव, सूरजमुखी प्रसाद, संजय यादव, राजकुमार भुईयां, रामप्रवेश पांडेय, जगमोहन सिंह, कुलदीप राम, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुदामा राम, दिनेश यादव, सुरेंद्र राम, सुभाष यादव, गोरख साव सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुखिया ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**केतार (आजाद सिपाही)।** आदिवासी बहुल पंचायत परतीकुशवानी में मुखिया मुन्नी देवी ने मंगलवार को परती गांव के लोहराताड़ी टोला स्थित वार्ड नम्बर 5 में 2,49,000 हजार की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर किया। उक्त पीसीसी सड़क का निर्माण अनिल ठाकुर के घर से जगदेव यादव के घर तक करवाया जाएगा। पीसीसी सड़क का शिलान्यास होने से टोले के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि अब हम सभी को कीचड़ युक्त सड़क पर चलने से मुक्ति मिलेगी। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पंचायत में सभी गांव व टोला में पक्की सड़क हो और सभी लोगों के हाथों में रोजगार हो। इसके लिए लगातार हम दिन-रात प्रयासरत हैं। इसके लिए समाज के प्रत्येक बुद्धिजीवी ग्रामीणों को आगे आना होगा और कदम से कदम मिलाकर साथ चलना होगा। तभी पंचायत में सर्वांगीण विकास संभव है। मौके पर पंचायत सेवक अशोक राम, विकास सिंह, सतेंद्र ठाकुर, वार्ड सदस्य पप्पू चौधरी, संतोष यादव, सुदेश्वर सिंह, प्रमोद यादव, चिंता देवी, संतोष प्रजापति सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### रमना उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन प्रमुख करुणा सोनी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी, जिला अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, अंचल पदाधिकारी सतीश कुमार सिन्हा, उप प्रमुख खदीजा बीबी ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि महिला उपप्रमुख कार्यालय नहीं होने से काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा था। कहा कि कार्यालय हो जाने से कार्य करने में काफी सहूलियत होगी। वहीं उप प्रमुख खदीजा बीबी ने कहा कि कार्यालय नहीं होने से जनता असहाय महसूस कर रही थी। कहा कि जनता की समस्याओं के लिए हमेशा खड़ी रहूंगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रमोद गुप्ता, शांति देवी, 20 सूत्री सदस्य कृष्णा राम, राजकुमार राम, मुख्तार अंसारी, मुंशी पासवान, नागेंद्र साह उपस्थित थे।

### वाहन चेकिंग अभियान में 15 बाइक जब्त



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना पुलिस ने थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में मंगलवार को सड़क सुरक्षा के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट, बिना कागजात व ट्रिपल लोडिंग 15 बाइक को जब्त किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सभी जब्त वाहन चालान के माध्यम से छोड़े जाएंगे। इस प्रकार वाहन चेकिंग अभियान में पुलिसिया कार्रवाई से आमजनों में हड़कंप मच गयी है।

**बैठक :** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने किया विचार-विमर्श

# 3 और 4 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव

**राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आमजनों को नहीं होगी पास की अनिवार्यता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में मंगलवार को श्री बंशीधर महोत्सव 2023 के आयोजन के संदर्भ में विचार विमर्श हेतु जिला पर्यटन संवर्धन परिषद्, गढ़वा की बैठक उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में की गयी।

बैठक में उपायुक्त ने राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 3 एवं 4 मई 2023 को धूमधाम से राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव मनाए जाने की जानकारी दी गई।

महोत्सव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने व्यापक रूप से बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, पार्किंग की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था, मेडिकल कैम्प, भोजन आदि की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों संग विचार विमर्श किया। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

वहीं कार्यक्रम में प्रवेश करने हेतु आमजनों के लिए पास की अनिवार्यता नहीं रखने का निर्णय लिया गया, बिना पास के आमजनों को फ्री एंट्री कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में कई अन्य विषयों पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए एवं तैयारियों को लेकर गठित विभिन्न कमेटी से सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया साथ ही ससमय आगे भी तैयारियों से जुड़ी समीक्षा बैठक करने की बात कही गई।

इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उत्तरी वन प्रमण्डल, दिलीप कुमार यादव, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमण्डल, शशि कुमार, अपर समाहर्त्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी रंका, राम नारायण सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार समेत कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, जिला अभियंता, जिला परिषद् गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर, अंचल अधिकारी, नगर उटॉरी / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर उटॉरी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खरछढर एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन ने गढ़वा जिले से मलेरिया भगाने की दिलायी शपथ

**विश्व मलेरिया दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने सदर अस्पताल के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी कि गढ़वा जिले से मलेरिया को भगाएं। उन्होंने कहा कि अपने घर में पानी का जमाव नहीं करेंगे। साथ ही सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करेंगे। अपने अगल-बगल लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मलेरिया के के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब गढ़वा जिले में मलेरिया की काफी कमी हो गई है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक टोटल 27952 ब्लड सैंपल का जांच कराया गया। जिसमें 73 मरीज पॉजिटिव पाए गए थे। वहीं पीएफ मलेरिया के 4 मरीज थे। जबकि जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक 35730 जांच सैंपल जांच कराया गया। जिसमें मात्र 35 मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। पीएफ मलेरिया का एक भी मरीज नहीं मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि 15 मई से चयनित क्षेत्रों में डीडीटी का छिड़काव भी शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न विद्यालय, ग्राम गोष्टी, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, सहित अन्य जगहों पर चलाया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि घर के आसपास गंदे पानी का जमाव ना होने दें। अगर उस तरह का है तो उसमें जले हुए मोबिल या केरोसिन तेल डाल दें। साथ ही उन्होंने कहा कि सोते समय लोग मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। ताकि होने वाले मलेरिया बीमारी से बचा जा सके।

इस अवसर पर सिविल सर्जन के अलावे उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, डीपीसी जेवियर एक्का, मलेरिया सलाहकार अरविंद द्विवेदी, संजय कुमार सिंह, सतीश कुमार, राजीव उपाध्याय, चंद्रपति सिंह, अभिराम कच्छप सहित आदि लोग उपस्थित थे।

## बीएसकेडी पब्लिक स्कूल में सीबीपी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**हैप्पी क्लास रूम विषय पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आये प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के सभागार में सीबीएसई पटना के द्वारा एक दिवसीय सीबीपी ट्रेनिंग प्रोग्राम (क्षमता निर्माण) का आयोजन किया गया। जिसमें हैप्पी क्लास रूम विषय पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्राचार्य एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रशिक्षक चिंसु सिंह एवं रांची से आयी प्रेमलता कुमारी, विद्यालय के निदेशक संजय कुमार, चेयरमैन शोभा सोनी, प्राचार्य अन्नपूर्णा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षकों ने नयी शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए हैप्पी क्लास रूम पर प्रयोगात्मक विधि के द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक के लिए एक खुशहाल कक्षा का माहौल बनाना एक सामान्य लक्ष्य है। शिक्षकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि छात्र सुरक्षित, मूल्यवान और सफल महसूस करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि कोविड के बाद बच्चों में ज्यादा तनाव देखने को मिल रहा है साथ ही बच्चों का कोविड में दो वर्ष शिक्षण कार्य रुकने के कारण पढ़ाई के प्रति रुचि को कम होते देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना एवं कक्षा को हैप्पी बनाने का शिक्षकों का कर्तव्य है।

### संदेहास्पद स्थिति में महिला का शव पुलिस ने किया बरामद

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र की इंदिरा गांधी रोड निवासी अरुण केसरी की पत्नी नीतू कुमारी उर्फ प्रिया केसरी का शव उसके घर से ही संदेहास्पद स्थिति में पुलिस ने बरामद किया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मायके पक्ष के मृतका के भाई अभिषेक केसरी ने बताया कि नीतू की हत्या कर साक्षी छुपाने के लिए आत्महत्या का रूप दिया गया है। अरुण केसरी का पहले से भी किसी लड़की के साथ अवैध संबंध था जिसके बाद मामला भी कोर्ट तक पहुंचा था। जिसके बाद दोनों ने आपस में समन्वय बनाकर साथ में रह रहे थे। घटना के बाद बहन की बड़ी बेटी ने घटना की सूचना दी। जिसके बाद हम लोगों ने अपने रिश्तेदार के माध्यम से सूचना लेकर पहुंचे।

### पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल थाना क्षेत्र के लुकुंबार गांव निवासी पृथ्वी नाथ सिंह की हत्या के फरार आरोपी गांव के ही विजय सिंह, पिता शिव पूजन सिंह को रंका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि लुकुंबार निवासी पृथ्वीनाथ सिंह को तीन माह पूर्व आपसी रंजिश के कारण विजय सिंह ने पत्थर से कूच कर हत्या कर दी थी। तब से विजय सिंह फरार चल रहा था।

## सेल डीएवी स्कूल भवनाथपुर में नये प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने दिया योगदान



**कहा- विद्यालय में शिक्षा और अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सेल डीएवी स्कूल भवनाथपुर में नये प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सोमवार को योगदान दिया। नये प्राचार्य का तिलक लगाने के बाद पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। योगदान के बाद भवनाथपुर खदान समूह के महाप्रबंधक सह डीएवी विद्यालय के चेयरमैन मनोज कुमार ने नव पदस्थापित प्राचार्य को बधाई देने के साथ विद्यालय के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग करने की अपील की। भवनाथपुर डीएवी के नये प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा दिल्ली सीएमसी द्वारा विशेष रूप से चयनित एवं अनुभवी हैं। उन्हें हरियाणा राज्य से भेजा गया है जो अपने कुशल अनुशासन, प्रबंधन और दूरदर्शिता के लिए जाने जाते हैं।

योगदान के पश्चात प्राचार्य सचदेवा ने कहा कि डीएवी पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देने के लिए जाना जाता है और किसी भी कीमत पर इसे जारी रखने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। सभी शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य और विद्यालय अनुशासन के प्रति पूरी तरह ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दी। संबोधन के बाद पूरे विद्यालय परिसर की जांच की और सारी चीजों को दुरुस्त करने के लिए कहा गया। साथ ही कहा गया कि शिक्षा और अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद हवन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण पाण्डेय तथा सह क्रियाकलाप के इंचार्ज संजय राय भट्ट द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक ओपी सिंह ने किया।

इस मौके पर शिक्षक शौकत अली, सूरज सिंह, लक्ष्मण शास्त्री, पी कुमार, एके वर्मा, दिलीप कुमार, जेएस तिवारी सहित सभी विद्यालय कर्मी मौजूद थे।

### मां गायत्री शक्तिपीठ में 5वां वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन 27 अप्रैल को



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित सेंट्रल बैंक के निकट मां गायत्री शक्तिपीठ में आगामी 27 अप्रैल को 5वां वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर में परिवाजकों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में वार्षिकोत्सव के अवसर पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ब्रह्मवादिनी टोली के सदस्यों के द्वारा उक्त यज्ञ आयोजित किया जायेगा। जानकारी देते हुए प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल को 12 घंटे का गायत्री महामंत्र का अखंड जाप प्रातः 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक होगा। 27 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से पांच कुंडीय महायज्ञ एवं पूजन तथा महा भंडारा दोपहर एक बजे से होगा। साथ ही 10बजे दिन से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एक्यूप्रेशर उपचार थेरेपी द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा। संध्या 6 बजे से दीप महायज्ञ एवं नवयुग निर्माण का संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गायत्री महायज्ञ के दौरान निशुल्क संस्कार कराए जाएंगे, जिसमें नामकरण संस्कार, विद्यारंभ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार सहित सभी संस्कार कराए जाएंगे। इसके लिये एक दिन पूर्व गायत्री परिवार के परिजनों से मिलकर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शहर व आसपास के क्षेत्रों के लोगों के द्वारा क्षेत्र में अमन चैन की शांति व विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दी जायेंगी। बैठक में गायत्री परिवार के सदस्यों की टोली बनाकर यज्ञ में अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करने के लिए संपर्क करने का निर्णय लिया गया। वहीं नये युवा मंडली को अधिक से अधिक जोड़ने की बात कही गई। बैठक में अनिल लाल अग्रवाल, जोखू प्रसाद, अखौरी ज्योतिम प्रसाद, सुजीत लाल अग्रवाल, युवा प्रतिनिधि शुभम जायसवाल, अमर जायसवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, राजेश जायसवाल, ललसु राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा**

**आम सूचना**

जिला परिषद, सिमडेगा अंतर्गत वर्त्तमान में निबंधित इच्छुक संवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपना निबंधन श्रेणी उन्नयन हेतु दिनांक – 05.05.2023 से 10.05.2023 तक कार्यालय अवधि में अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 295931 Rural Development (23-24)_D

कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद सिमडेगा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
**Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com**

पत्रांक........................../सिमडेगा, दिनांक ........................./

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2023-24 (PR No. 295648 Rural Development(23-24).D द्वारा प्राकाशित निविदा में अंकित कार्यालय का नाम – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण **कार्य** विशेष प्रमण्डल, के स्थान पर **"कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल"** पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा

PR 295934 Rural Development(23-24).D

**प्रेस कांफ्रेंस :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी ने कहा

# पिछले दरवाजे से सरकार करा रही बालू का उठाव, माफियाओं को हो रहा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा बाइपास के मामले में राज्य सरकार ने किया सरेंडर, विकास योजनाओं के प्रति गंभीर नहीं**

**गढ़वा बस स्टैंड पर नगर परिषद का अवैध कब्जा, बड़ा अंतरराज्यीय बस स्टैंड के लिए भेजे प्रस्ताव**



**गढ़वा।** राज्य सरकार विकास योजनाओं के प्रति गंभीर नहीं है। गढ़वा बाइपास के मामले में कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार ने सरेंडर कर दिया है। जिसके कारण महत्वाकांक्षी योजना बाधित हो रही है। जबकि इसका 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

तकालीन डीसी रमेश घोलप ने जब अतिक्रमण हटाने का आदेश एसडीओ को जारी कर दिया तो सरकार ने उनका गढ़वा से स्थानांतरण कर दिया। उक्त बातें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी ने मंगलवार को गढ़वा परिसदन भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की गलत नीतियों के कारण केंद्र सरकार की योजनाएं बाधित हो रही हैं। एक ओर बालू के उठाव पर रोक लगी है वहीं दूसरी ओर पिछले दरवाजे से बालू का उठाव कराकर माफियाओं को फायदा पहुंचाया जा रहा है। अन्नराज घाटी के तीखे मोड़ के को सीधा करने के मामले को लटका कर रखा गया है। तीन बार टेंडर हो चुका मगर वन विभाग द्वारा इसे एनओसी नहीं दिलाया गया। सड़क निर्माण में जिन लोगों की भूमि गई है उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा। इसके लिए रैयत डिमांड करें। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण गोशाला की जमीन पर नगर परिषद का अवैध कब्जा है। एक न एक दिन इसे छोड़ना पड़ेगा। खर्च की गई राशि बर्बाद हो जाएगी। इसलिए नगर परिषद अन्य स्थान पर भूमि चिन्हित कर भव्य अंतरराज्जीय बस स्टैंड का प्रस्ताव दे इसे स्वीकृति प्रदान करायी जाएगी।

इसके पूर्व राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी ने परिसदन भवन के सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गढ़वा शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए योजनाओं का प्रस्ताव मांगा। जिसमें शहर में पांच स्थानों पर मल्टीपर्पस कार पार्किंग, स्टैंड आदि के निर्माण कराने को स्वीकृति कराने की भी बात कही। ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। साथ ही गढ़वा बाइपास के अलावा अन्य स्थानों पथों का निर्माण कराने पर चर्चा हुई।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, एमवीआई लाल बिहारी यादव, सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, अरविंद सिंह, नीरज पांडेय, विपुल दुबे आदि उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक में आंदोलन तेज करने का निर्णय

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की मंगलवार को हुई बैठक में आरक्षण रोस्टर में खूंटी सहित पांच जिलों में ओबीसी की जनसंख्या शून्य किये जाने के विरोध में आंदोलन तेज करने का निर्णय लियाग या। कार्यक्रम का संचालन संचालन किशोर कुार गौंझू ने किया। बैठक में पिछड़ा वर्ग ओबीसी के अंतर्गत आनेवाले सभी जाति के लोगों ने काफी संख्या में भाग लिया। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के संयोजक जितेंद्र कश्यप ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग में आने वाले सभी समाज के लोगों को आंदोलन में सहयोग करना चाहिए। बैठक में नाई समाज के राजेश ठाकुर ने कहा कि ठाकुर समाज पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति को पूर्ण सहयोग करेगा। कुम्हार समाज से मंगल कुम्हार ने कहा कि हमें प्रत्येक पंचायत में प्रखंड में तथा जिले स्तर पर कमेटी बनाने की आवश्यकता है। उसकें बाद आंदोलन तेज किया जायेगा। तेली उत्थान समाज के जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौंझू ने कहा कि पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की जड़ मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना है तथा हमारा समाज पूर्ण सहयोग करने को तैयार है। कलावर समाज के उमेश चौधरी ने कहा कि हमारा सात जिलों मे आरक्षण रोस्टर शून्य करना निंदनीय है। महादेव साहू प्रचार प्रसार प्रभारी सह जिला सदस्यता अभियान प्रभारी ने कहा कि आगामी कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उपरांत आंदोलन की आवश्यकता है। बैठक में सुबोध कुमार, सूरजमल प्रसाद, गोविंद साहू, रोशन लाल गंजू, राजेश कुमार, महादेव राम, सुबोध महतो, बिहारी राम, जगरनाथ राम, ग धनेश्वर साहू, विवेक महतो, मदन कुमार ठाकुर, प्रह्लाद ठाकुर, अनिल प्रमाणिक, नागेश्वर, राजेश्वर ठाकुर, चंदन हजाम, दीपक कुमार, शुभम ठाकुर, कुलदीप हजाम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन रोशन लाल ने किया।

## पीएनबी में विशेष लोक अदालत में 6.50 लाख रुपये का सेटलमेंट




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक खूंटी में स्थायी लोक अदालत के सहयोग से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि स्थायी लोक अदालत सभी बैंकों से संबंधित मामलों का निष्पादन करती है और इसके द्वारा पारित अवार्ड (आदेश मान्य है तथा इसको कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि लोक अदालत मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराती है। बताया गया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए एक बैंच का गठन कर पीएनबी में लंबित मामलों तथा प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली से संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। मौके पर पीएनबी में लंबित एक सौ मामलों का निष्पादन किया गया तथा छह लाख 50 हजार रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर सचिव मनोरंजन कुमार, स्थायी लोक अदालत के सदस्य दीपक कुमार विद्यार्थी, मधु चंदा कुमारी रजक, डालसा के चीफ राजीव कमल, डालसा के असिस्टेंट अमरदीप कुमार, पीएनबी के शाखा प्रबंधक कुमार विवेक सहित अन्य उपस्थित थे।

## नेशनल गतका गेम में खूंटी की काजल सांगा को मिला कांस्य पदक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 21 से 23 अप्रैल तक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सेक्टर 34 चंडीगढ मे पहला यश फेडरेशन गतका कप आयोजित किया गया। इसमें झारखंड सहित 15 राज्यों के अंडर 22 के 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। झारखंड टीम से खूंटी जिले की काजल सांगा को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। विजेता खिलाड़ी काजल सांगा को खूंटी गतका एशोसिएशन के सचिव अमित कुमार महतो, अध्यक्ष रोहित साहू, कोषाध्यक्ष गौतम नाग ने शुभकामनाएं दी। यह जानकारी एसोसिएशन कें अध्यक्ष रोहित साहू ने दी।

### फिसल कर चार दोस्त गहरे पानी में चले गये थे

# रीमिक्स फॉल में डूबने से गोस्सनर कॉलेज रांची के दो छात्रों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिले के प्रसिद्ध पर्यटनस्थल रीमिक्स फॉल में मंगलवार को नहाने के क्रम में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों रांची के गोस्सनर कॉलेज के छात्र थे। मृतकों की पहचान बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र निवासी सुधीर कुमार सिंह का पुत्र सौरव कुमार सिंह (20 वर्ष) और हजारीबाग निवासी मुकेश नारायण का पुत्र अनुराग कुमार (20 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक छात्रों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आए उनके दो दोस्त आलोक कुमार और प्रिंस कुमार ने बताया कि वे चारों दोस्त दो बाइक में मंगलवार दोपहर रांची से रिमिक्स फॉल घूमने आए थे। रीमिक्स फॉल के नीचे अवस्थित पानी में चारों दोस्त नहाने के लिए उतरे, तो फिसल कर चारों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस पर सहायता के लिए जब उन्होंने शोर मचाया, तो घूमने आए अन्य सैलानी उन्हें बचाने के लिए पानी में उतरे और उन दोनों को तो डूबने से बचा लिया, लेकिन उनके दो दोस्त सौरव और अनुराग को बचाया नहीं जा सका और दोनों गहरे पानी में डूब गए। इस बीच घटना की सूचना मिलते ही फॉल के समीप ही ट्रेनिंग कर रहे सेना के कुछ जवान और मारंगहादा थाना के सब इंस्पेक्टर हरि महतो सदल बल तुरंत मौके पर पहुंचे और गहरे पानी में डूबे छात्रों के शवों को गोताखोरों की मदद से पानी से बाहर निकाला। पानी से बाहर निकालने के बाद दोनों को आनन-फानन में सेना के वाहन से ही सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि वे दोनों रांची के एक लॉज में रहकर गोस्सनर कॉलेज रांची में पढ़ाई कर रहे थे। दोनों कला संकाय में तृतीय वर्ष के छात्र थे।

### एक के पिता एएसआइ और एक के सीआरपीएफ में हैं

जानकारी के अनुसार अनुराग के पिता मुकेश नारायण झारखंड पुलिस में एएसआइ हैं और सौरव के पिता सुधीर कुमार सिंह सीआरपीएफ में हैं। दोनों छात्रों के शवों को फिलहाल पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। उनके स्वजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही स्वजन खूंटी के लिए निकल चुके हैं।

## भाजपा महिला नेत्री ने खलारी थाना प्रभारी के खिलाफ दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** भाजपा महिला मोर्चा खलारी मंडल अध्यक्ष सरोजिनी देवी ने मंगलवार को खलारी प्रखंड परिसर में खलारी थाना प्रभारी के खिलाफ धरना दिया। भाजपा नेत्री थाना प्रभारी के खिलाफ नारा लगाते हुए प्रखंड परिसर पहुंची, फिर वहां धरना पर बैठ गई। सरोजिनी देवी खलारी थाना पुलिस को सीसीएल से मिलने वाले डीजल की उपयोगिता की जांच करने की मांग कर रही है। मालूम हो कि खलारी थानाक्षेत्र का बड़ा भाग सीसीएल का कोयला क्षेत्र होने के कारण अतिरिक्त पेट्रोलिंग के लिए सीसीएल प्रबंधन की ओर से पुलिस वाहन के लिए कुछ डीजल मुहैया कराया जाता रहा है। भाजपा नेत्री इसकी जांच की मांग कर रही है।

### थाना प्रभारी ने आरोप को निराधार बताया

इधर थाना प्रभारी ने भाजपा नेत्री द्वारा लगाए जा रहे आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा अधिक से अधिक पेट्रोलिंग के लिए डीजल व एक वाहन पूर्व से ही मुहैया कराया जाता रहा है। सीसीएल द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले डीजल के संबंध में थाना के चालकों द्वारा लागबुक संधारित है। मालूम हो कि प्रदेश में सीसीएल, बीसीसीएल क्षेत्र के सभी थानों में कंपनी द्वारा वाहन और डीजल उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी तरह खलारी, पिपरवार, टंडवा थाना को सीसीएल डीजल, वाहन उपलब्ध कराती है। इसी के आलोक में खलारी थाना को भी सीसीएल द्वारा एक वाहन तथा डीजल उपलब्ध कराया गया है।

### धरना से भाजपा का लेना-देना नहीं

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि सरोजिनी देवी द्वारा दिए गए धरना से खलारी भाजपा का कोई लेना देना नहीं है। कहा कि यह भाजपा का आंदोलन नहीं है। यह सरोजिनी देवी का निजी धरना है।

## कुपोषण को दूर करने के लिए फोर्टिफाइड राइस का प्रयोग जरूरी : एसडीओ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय खूंटी में फूड फोर्टिकेशन से संबंधित प्रशिक्षण सह जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला चावल फोर्टिफाइड राइस होता हैं न कि प्लास्टिक चावल। फोर्टिफाइड राइस को प्लास्टिक चावल बताना महज एक अफवाह है। उन्होंने बताया कि मीड डे मील, आंगनबाड़ी केंद्र तथा जनवितरण प्रणाली की दुकानों सहित अन्य योजनाओं में फोर्टिफाइड राइस का वितरण किया जा रहा है, ताकि कुपोषण को समाप्त किया जा सके। अभिषेक कुमार ने फूड फोर्टिकेशन संबंधित जानकारी दी और पोषक तत्वों की कमी से होनेवाली बीमारियों एनीमिया, रतौंधी, ग्वाइटर, रिकेट्स आदि के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों पर अकुंश लगाने और इसे खत्म करने के लिए फोर्टिफाइड फूड का प्रयोग करना जरूरी है।

## आइआरबी थ्री के सूबेदार सह पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष सलीम होरो के निधन पर शोक व्यक्त

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** इंडिया रिजर्व बटालियन आइआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे पदस्थापित सूबेदार सह पुलिस एसोसिएशन के चतरा जिलाध्यक्ष सलीम होरो का बीती रात निधन हो गया। उनकी तबियत खराब थी और वह पिछले कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। सोमवार 24 अप्रैल की रात्री उनके पैतृक आवास रांची के टाटीसिलवे मे उनका निधन हो गया। सूचना मिलने के साथ ही आइआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में शोक की लहर दौड़ गई। इधर आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में शोकसभा का आयोजन का दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके निधन पर कई पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने दु:ख प्रकट किया है। दु:ख प्रकट करने वालो मे चतरा पुलिस अधीक्षक सह आईआरबी थ्री के समादेष्टा राकेश रंजन, टंडवा एसडीपीओ शंभु सिंह, आइआरबी थ्री के डीएसपी श्रीराम समद, जितेंद्र कुमार, आरजे टोप्पो, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, शमशाद खान,सत्येंद्र मिश्रा, मंटू कुमार, सुशील यादव, शमशेर खान सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## ईद मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक किशुन दास

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव मे रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे सिमरया विधायक किशुन कुमार दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में मोर्चा के द्वारा विधायक का बुके देकर स्वागत किया गया,जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ सेवई का आनंद उठाया। विधायक किशुन कुमार दास में सभी लोगों को ईद की बधाई दी। इस दौरान मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने पिपरवार क्षेत्र की ज्वलन्त समस्या को विधायक से अवगत कराया। जिसमे जेजे जीएमके भूमि पर नौकरी,एक करोड तक के ठेका कार्य विस्थापितों को दिलाने,75 प्रतिशत विस्थापितो को निजी कंपनी मे बहाली कराने, बहेरा से कल्याणपुर रोड को शीघ्र निर्माण कराने,डीएमएफटी फंड से पिपरवार के सभी पंचायत मे पुल,पुलिया, स्कूल, कॉलेज,सड़क, विवाह मंडप, खेल मैदान निर्माण कराने, सभी पुनर्वास क्षेत्र मे बुनियादी सुविधा मुहैया कराने,रोड सेल मे रोजगार उपलबध कराने की मांग की गई,जिस पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस मौके पर इकबाल हुसैन, मो. असलम,मो. जूलफान, हाजी कमाल,हाजी प्रवेज, हाजी जसीम, विधायक प्रतिनिधि बिजय लाल, महेश प्रसाद साव, सकील अंसारी, मो. नाजीर, मो. जमशेद, मो.एहसान, हाजी शहनवाज, शनि उरांव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधायक ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो ने प्रखंड के विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान समय पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता नहीं पहुंचने पर फटकार लगायी। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगायी। योजना वितरण में ग्रामसभा को महत्व देने को कहा तथा ग्रामसभा को खानापूर्ति करने वाले कर्मचारी को फटकार लगायी। बैठक में मनरेगा, 15 वें वित्त योजना, जल नल योजना, कृषि, शिक्षा आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। विधायक ने कहा कि जल संकट को देखते हुए प्रखंड के सभी गांवों के खराब पड़े चापानलों एवम अन्य जलापूर्ति योजनाओं के स्थिति की जांच करके मरम्मत की व्यवस्था करें। क्षेत्र में अधूरे पड़े नल जल योजना समेत अन्य जलापूर्ति योजनाओं को भी पूरा करें। जामुदाग पेयजल योजना को तुरंत मरम्मत करने को कहा। सभी पंचायतों के खेल के मैदान बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से विमर्श किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा,प्रमुख विक्टोरिया देवी, बीडीओ सुचित्रा मिंज,सीओ प्यारेलाल, उप प्रमुख सविता देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा,संजय महतो, चितरंजन महतो,रमेश मुंडा, तारणी सिंह मुंडा, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मुरुतडीह सतिया में चेक डैम निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गलऊ पंचायत के मुरुतडीह सतिया में विधायक सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार चैक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुखिया सावना महली के द्वारा संयुक्त रूप में किये। जल संसाधन विभाग के द्वारा 54 लाख से चैक डैम निर्माण कार्य को किया जाना है। मौके पर तारणी सिंह मुंडा, दिलीप कोइरी, मिहिर महतो, वार्ड सदस्य भूखला महली, बिष्णु चरण महतो, रामदास महतो, अकला महली, दिनेश महली, विनोद महली, महिंद्र लोहरा, पूर्व महावीर महली, पहान दखल सिंह मुंडा, शांति देवी, सुनीता देवी, बृहस्पति देवी आदि मौजूद थे।

## बुंडू में अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगा कर कार्यों का निष्पादन किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** कोर्ट फीस में बढ़ोतरी अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अधिवक्ता कल्याण कोष उपलब्ध कराने को लेकर झारखंड बार काउंसिल के निर्देश पर मंगलवार को बुंडू अनुमंडलीय कोर्ट में काला बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन अधिवक्ताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर राम चरण महतो ए आर महतो, शिव शंकर महतो, संजय पांडे, अनूप जायसवाल, रितेश जयसवाल, मुरली सुंदर पांडे, दुर्गा राय दुर्योधन महतो सूरज सिंह मुंडा, मनव्रत मुखर्जी, बासुदेव प्रमाणिक, उत्तम भट्टाचार्य, यमुना प्रसाद, काली पद महतो आदि उपस्थित थे। इससे संबंधित बहिष्कार का पत्राचार कार्यपालक दंडाधिकारी से किया गया।

## 28 अप्रैल से खलारी स्टेशन पर रुकेगी रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस

**खलारी (आजाद सिपाही)।** 28 अप्रैल से खलारी स्टेशन पर रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव फिर से शुरू होगा। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा खलारी मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय ने बताया कि रांची सांसद संजय सेठ का सराहनीय प्रयास के कारण खलारी स्टेशन पर वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हुआ है। 28 अप्रैल से खलारी स्टेशन में रांची बनारसी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होगा। ज्ञात हो कि कोरोना काल के दौरान कई ट्रेनों का ठहराव खलारी स्टेशन पर बंद हो गया था। जिसमें रांची वाराणसी इंटरसिटी का ठहराव बंद था। खलारी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों ने सांसद संजय सेठ को पत्र लिखकर ट्रेन ठहराव की मांग की गई थी। जिसके बाद सांसद के पहल से रेलवे बोर्ड ने ट्रेन ठहराव की मंजूरी दी है

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में वार्षिकोत्सव कल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में 27 अप्रैल गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक समरीलाल तथा विशिष्ट अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शाम चार बजे से शुरू होगा।

### पांच परगना की हृदय स्थली बुंडू का श्रीश्री राधा रानी मंदिर एक ऐतिहासिक धरोहर

# आस्था का केंद्र है 400 वर्ष पुराना श्रीश्री राधा रानी मंदिर

रोहित राम







**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना के हृदय स्थली बुंडू का श्रीश्री राधा रानी मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर में साक्षात कृष्ण भगवान अवतरित हुए थे इतिहासों में वरणित तथ्यों के अनुसार 400 वर्ष पुराना मंदिर है और पांच परगना का आस्था का केंद्र बिंदू है पूरे इलाके में नवरात्रि के दौरान मीट मछली अंडा वर्जित रहता है। पांच परगना के लोगों को बरसों से नवरात्रि का इंतजार रहता है और सच्चे मन से कृष्ण भगवान से मन्नत मांगने पर मनौती पूर्ण होती है खासकर बंगाली परिवार के लोग इस आस्था के मंदिर में बंगाली समुदाय के लोग वर्ष से पूजा करते आ रहे हैं। जब पांच परगना मे राजा रजवाड़ा ठाकुरों का युग चलता था, उस समय पराया गाय बैल बकरियों को चराने वाले चरवाहा होते थे इसी मोहल्ला (नवरात्रि टोली) से एक चरवाहा भोला घासी का पूर्वज रसिक घासी एक बहुत अच्छे बांसुरी वादक थे और वे चरवाहा भी थे। पूरे मोहल्ले और अगल-बगल के पशुओं को एकत्रित कर सूर्य मंदिर के पास एक जगह बुंडूडीह नामक जगह पर पर रोज मवेशी चराने ले जाता था एक बार की घटना है कि चराते-चराते एक पेड़ के नीचे अंतर्ध्यान होकर बांसुरी बजा रहे थे। उसी क्रम में वह अंतर्ध्यान मन से देख रहे थे कि साक्षात राधा कृष्ण झूला झूल रहे थे। उसी क्रम में अंतर्ध्यान मन से ही कृष्ण जी को पकड़ लिए कृष्ण जी उनके हाथों में आ गए लेकिन राधा जी वहां नहीं थी वह डरते-डरते कृष्ण जी को अपने घर ले आये उसके पास कृष्ण जी को रखने के लिए गरीबी के कारण काफी समस्या थी और डर से लोगों को भी कुछ नहीं बता पा रहे थे। अंत में एक टोकरी में कृष्ण जी को तुलसी मंच के पास टोकरी में ढक रख दिए। अब समस्या यह थी कि भगवान को नित्य प्रतिदिन भोग कैसे लगायें। उन्होंने सच्चे मन से जो स्वयं खाते थे उसे ही वो सुबह शाम बना कर देते थे। उसी को वह खाते थे। जैसे सुबह में चूड़ा, मिश्री, गुड़ दोपहर में दाल भात सब्जी फिर रात्रि में दूध और चुड़ा का भोग लगाने के बाद स्वयं भी खाते थे और आज भी उसी परंपरा से भोग लगता है। सप्ताह भर के बाद ठाकुर साहब को स्वप्न से पता चला कि भोला घासी के पूर्वज के पास श्रीकृष्ण जी की मूर्ति है। उन्होंने रसिकलाल घासी को बुलाया और उससे पूछताछ की रसिकलाल घासी ने सारे घटनाक्रम को सच-सच बता दिया। रसिकलाल घासी ने ठाकुर से कहा कि हजूर आप मूर्ति को लेकर इनका सेवा करें। उसी क्रम में ठाकुर ने अपने घर के बगल में मंदिर बनाने के लिए जमीन दिया तब ये मंदिर खपरैल का था और इनके नित्य दिन सेवा के लिए किसी को मांगना ना पड़े इसलिए तुंजू, गुटूहातु, बुंडू में खेती योग्य जमीन मंदिर को दान दिया जो आज भी है।

### थाना प्रभारी मूर्ति देख हुए प्रभावित, मंदिर बनवाने की ठानी

मंदिर खपरैल था उस वक्त एक थाना प्रभारी बुंडू आये हुए थे। थाना प्रभारी बुंडू को कृष्ण जी का मूर्ति देख कर इतने आकर्षित हुए कि उन्होंने मंदिर बनवाने की ठान ली। दुबे दरोगा बुंडू के सभी गणमान्य आम जनता से मिलकर मंदिर का स्थापना की जो आज भी है। हर वर्ष अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर नौ दिव्या रात्रि अखंड हरिनाम संकीर्तन लगता है। जिसे पूरे पांच परगना वासी पूरे वर्ष उत्साहित होकर इंतजार करते हैं। इस हरि नाम संकीर्तन में ब्याही गई। माता बहने दूरदराज में काम करने वाले इस अवसर पर आकर हरि नाम संकीर्तन का आनंद जरूर लेते हैं। सबसे बड़ी बात यह है। इस अखंड हरिनाम संकीर्तन में किसी भी धर्म के लोग मांस मछली अंडा का सेवन नहीं करते हैं। प्रायः पूरा बुंडू वैष्णवी हो जाते हैं और ये परंपरा आज भी जारी है। ये भाईचारे की मिसाल कहीं देखने को नहीं मिलती है। इस अखंड हरिनाम संकीर्तन में दूरदराज के अच्छे-अच्छे कीर्तन दल एवं महिला कीर्तन दल आते हैं साथ ही झूला खेला बच्चों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार लगता है। जिसका आनंद हर वर्ग के लोग लेते हैं। बुंड प्रखंड के अंतर्गत किसी भी होटल में मांसाहार भोजन नहीं मिलता है। जिसे आने-जाने वाले लोग सुनकर अचंभित होते हैं।

### किया जाता है कमेटी का चुनाव

यहां मंदिर का संचालित करने के लिए 3 वर्ष आम जनता के द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार कर कमेटी का चुनाव किया जाता है। जिसमें अध्यक्ष एवं सदस्यों का चुनाव किया जाता है। अगर कमेटी आम जनता की नजरों में निष्क्रिय एवं किसी प्रकार की मनमानी करती है तो आम जनता पुणः ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार-प्रसार कर नयी कमेटी का चुनाव करवा देती है। इस मंदिर से रथ यात्रा धुर्वा मोड़ स्थित मौसी बाड़ी मंदिर में जाती है। जहां भगवान मौसी के घर नौ दिन रहते हैं नौ दिन के पश्चात पुनः अपने मंदिर वापस आ जाते है। इधर रसिकलाल घासी के वंशज चमरा मछुआ शशि नायक आदि ने कहा कि मंदिर बनाने वाले का नाम मंदिर में लिखा हुआ है, लेकिन भगवान को लाने वाले का नाम नहीं लिखा हुआ है साथ ही अभी भी हम लोगों की स्थिति दयनीय है।

## ग्रामीणों ने दो मोटर चोर को पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को ताहिर अंसारी सेहरा और कई किसान मिलकर दो मोटर चोर को पकड़ा। और सतबरवा पुलिस सौंप दिया। घटना के बारे में ताहिर ने बताया आज 10 बजे दिन में बुटन अहरा सेहरा में जेएसएलपीएस लिफ्ट एरिगेशन योजना के द्वारा सिंचाई के लिए लगाया गया मोटर का ताला तोड़कर 2 लोग ले भागे, पता चलने पर मैं उनका पीछा किया और कड़ी मशक्कत के बाद जेएसएलपीएस के कर्मचारी और ग्रामीण मिलकर दोनों चोर को पकड़ा। पकड़े गये चोर का नाम दिलीप कुमार पिता महेंद्र चौधरी नौरंगा और दिवाकर कुमार पिता बिरजू विश्वकर्मा नौरंगा शामिल है। चोर ने यह कबूल किया कि एक मोटर हमने चोरी किया है और रविंद्र साव पोंची कबाड़ी वाले के पास 2000 में बेचा है। कबूल कराने के बाद सभी किसान मिलकर चोर को पुलिस के हवाले कर दिए और उचित कार्रवाई के लिए आवेदन भी उनके द्वारा सौंपा गया। इधर संतोष यादव बोहिता निवासी ने बताया कि 2 महीना पहले मेरे घर से भी दो मोटर चोरी हो गई थी। वही अरुण कुमार पांडे ने बताया कि ढाइ माह पहले एक मोटर हमारे घर से भी चोरी हुई थी। पत्रकार द्वारा पूछे जाने पर ओडी पर एएसआइ इंद्र पासवान ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की जांच की जा रही है।

### महापौर का प्रयास लाया रंग, दिया छात्राओं और महिलाओं को शानदार तोहफा

# मात्र पांच रुपये किराये में महिला कर सकेंगी शहरी क्षेत्र का भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बड़े शहरों की की तर्ज पर महापौर अरुणा शंकर,उप महापौर मंगल सिंह, सभी पार्षदगण, नगर आयुक्त रवि आनंद एवं सहायक नगर आयुक्त परितोष कुमार ने सामूहिक रूप से महिलाओं के लिए मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा संचालित होने वाली पिंक सिटी बस का नारियल फोड़कर एवं बस को हरी झंडी दिखा कर उद्घाटन किया। महापौर ने कहा पिंक सिटी बस मेरा एक सपना था मैं चाहती थी हमारी काम करने वाली बहने,कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राएं और माताओं,बहनों को बाजार, अस्पताल आने जाने हेतु झारखंड में सबसे न्यूनतम दर पर महिला पिंक सिटी बस का परिचालन अपने निगम क्षेत्र में कराऊं जो सपना आज पूरा हो गया। आज बस का उद्घाटन कर दिया गया एक मई से इसका परिचालक पूरे निगम क्षेत्र में शुरू हो जायेगा। महापौर ने बताया निगम ने 10 से 20 रुपया तक दूरी के हिसाब से भाड़ा निर्धारित की गई है। जबकि रांची में 10 से 25 रुपया तक का किराया लिया जाता है पर मुझे खुशी है की मेरे कहने पर संवेदक ने मात्र ?5 रुपया निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं आने जाने के लिए किराया लेना स्वीकार किया है जिसके लिए संवेदक बधाई के पात्र हैं। महापौर ने कहा कि अगर संवेदक को नुकसान होगा तो मैं स्वयं अपने निजी खर्च से हर माह उसकी भरपाई करूंगी। महापौर ने कहा प्रतिदिन शहर एवं गांव से पढ़ाई या नौकरी के लिए आने वाली हमारी बहनों का अगर मै आने-जाने में होने वाली खर्च महीने में 500 से 1000 रुपया भी बचा पाती हूं तो उनके लिए यह रुपया उनके कॉलेज और स्कूल के फीस या घर के दूसरे कार्यों में काम आ सकता है क्योंकि मैं एक महिला होने के नाते जानती हूं कि महिला कैसे एक एक रुपया जोड़कर घर के जरूरतों को पूरा करती है। महापौर ने बस के बारे में बताया कि इस बस में दो महिला कंडक्टर, एक पुरुष ड्राइवर,एक पुरुष खलासी रहेगा। चारों बस में जीपीएस लगे हुए हैं आप अपने मोबाइल से बस को ट्रैकिंग कर सकते है। सभी बसों में मोबाइल चार्जर की भी सुविधा दी गई है। महापौर ने बस के रूट के बारे में बताया एक बस चैनपुर, शाहपुर, विमेंस कॉलेज होते हुए जीएलए कॉलेज, जनता शिवरात्रि कॉलेज तक जाकर फिर शाहपुर लौटेगा। वहीं दूसरी बस मेडिकल कॉलेज से प्रारंभ होकर जीएलए कॉलेज, विमेंस कॉलेज डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक से वापस लौटेगा। तीसरा बस रांची रोड चियाकी से शुरू होकर विमेंस कॉलेज,जीएलए कॉलेज, डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक से वापस लौटेगा। चौथा बस सिगरा, बैरिया, जीएलए कॉलेज, विमेंस कॉलेज, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए बैरिया फ्लाइओवर से सिगरा जायेगा। उपमहापौर मंगल सिंह ने सबको बधाई देते हुए कहा कि महापौर का यह सपना था महिला पिंक सिटी बस चले और मेरी भी चाहत थी कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले जिसकी आज मुझे खुशी है।

### मैं इतिहास मिटने से ज्यादा बचाने पर विश्वास रखती हूं : महापौर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर कई चौक चौराहों का नाम अपने मुख्य एजेंडा में दे कर बोर्ड से पारित कराया है। जिसमें अब हमीदगंज विनय चौक का नाम जरासंध चौक के नाम से जाना जायेगा। वहीं शिव मंदिर सिंगरा एनएच 75 के समीप चौक का नाम शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक के नाम से नोटिफाइड किया गया है। जबकि लाल कोठा से महावीर मंदिर तक जाने वाले मार्ग का नाम भगवान महावीर मार्ग से जाना जायेगा। साथही शहर के जाने-माने संगीत शिक्षक स्वर्गीय राजाराम मिश्रा के आवास जाने वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय राजाराम मिश्र मार्ग के नाम से जाना जायेगा। रांची रोड से एनएचआइ कार्यालय तक के मार्ग का नाम वीर सावरकर पथ के नाम से जाना जायेगा। महापौर ने कहा कि मैं इतिहास मिटाने नहीं इतिहास मिटने से बचाने में विश्वास रखती हूं।

### अजाप्टा हुसैनाबाद इकाई ने बीइइओ को सौंपा ज्ञापन

# बायोमैट्रिक हाजरी बनाने में शिक्षकों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हुसैनाबाद के प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी एवं सचिव निर्मल कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम को ज्ञापन सौंपकर बायोमैट्रिक्स से हाजिरी बनाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने बताया कि विभाग से मिले टैब से शिक्षक आगमन प्रस्थान दर्ज करते हैं। लेकिन शत-प्रतिशत टैब खराब हो चुके हैं। शिक्षक निजी मोबाइल एवं निजी खर्च पर हाजिरी बनाना शुरू किये। फिलवक्त ईविद्यावाहिनी एप्प को अपडेट करने के बाद हाज़िरी नहीं बन पा रही है। इसी बीच इभीभी का नया वर्जन 2, 3, 4 भी प्लेस्टोर से डाउनलोड करने के बाद भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। शिक्षक उहापोह में हैं और अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अजाप्टा ने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अनुपस्थिति में कार्यालय सहायक सुदर्शन प्रसाद को ज्ञापन दिया, इसकी प्रतिलिपि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सुनील कुमार को भी दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, कंहैया प्रसाद, गिरिवर राम, जितेंद्र राम, सुरेंद्र प्रसाद, सैय्यद इकबाल अहमद, जेपी शर्मा, प्रमोद पासवान, मनोज कुमार चौधरी, महेंद्र बैठा, सुनील पासवान, धुरेंद्र पटेल सहित दर्जनों शिक्षक थे।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने कथा वाचक देवकीनंदन की कथा को लेकर किया स्थल निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी के पलामू आगमन की तैयारी में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सक्रिय हो गई है। युवा वाहिनी के द्वारा मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी के प्रांगण का आज निरिक्षण किया गया। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने बताया कि ठाकुर जी महाराज का 21 नवंबर से भागवत कथा एवं लक्ष्मी नारायण धनवर्षा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ को प्राकृतिक स्वरुप देने के लिए युवा वाहिनी के द्वारा जून से ही फूल पौधा लगाने की योजना है जिससे यज्ञ के समय में सभी फूल पौधे अपनी नैसर्गिक खुबसूरती में सामने आयें। इस दौरान युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि यज्ञ को ऐतिहासिक बनाने के लिए वृहद तैयारी की जा रही है। इसके लिए बहुत जल्द राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी एक बैठक आयोजित कर पूरे आयोजन के स्वरुप को सामने रखेगी। मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी के मैदान का निरीक्षण करने वालों में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, विभाकर नारायण पांडेय, मनु प्रसाद तिवारी, सतेंद्र तिवारी, शैलेश तिवारी, रिंकू दूबे,मुरारी पांडेय, आनंद दूबे, बलराम पांडेय, अनील दूबे, गोरख पाठक, अशोक दूबे डाक्टर सहित कई सदस्य शामिल थे।

### अवैध बालू उत्खनन से हरिहरगंज पीपरा प्रखंड की नदियों का अस्तित्व खतरे में

# अवैध बालू उत्खनन से राजस्व का प्रति माह करोड़ों रुपये का हो रहा नुकसान

प्रसिद्धि कुमार अंबेडकर



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार सीमा पर स्थित पलामू जिला के हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत बटाने नदी का अस्तित्व खतरे में है। वहीं अवैध उत्खनन से हर महीने करोड़ों रुपये का राजस्व की नुकसान हो रही है। हैरानी की बात यह है कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए है।सरसोत पंचायत क्षेत्र के निचली डेम बटाने नदी घाट से लेकर 15 कि.मी. बिहार सीमा क्षेत्र तक प्रति दिन नदी से बालू उत्खनन कर कारोबारी सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध उठाव कर अन्य राज्यों में कारोबार कर रहे हैं।जबकि इस काले कारोबार से क्षेत्र के लोगों को बालू पूर्ति नहीं हो पा रही है। बता दें कि हरिहरगंज एवं पीपरा प्रखण्ड वासियों के लिए बटाने नदी एक मात्र बड़ी नदी है। जो यहां के वासियों को घर मकान बनाने के लिए बटाने नदी की बालू काम आती है। पर बालू कारोबारी यह समझना जरूरी नहीं समझ रहे हैं और अवैध उत्खनन कर बिहार भेज रहे हैं। वहीं पिछले साल अच्छी बारिश नहीं होने से नदी में बालू की कमी हुई है। बावजूद इसके अंधेरी रातों में मजदूरों से उत्खनन कराते हैं और कारोबारी रुपयों के लालच में अपने साथ क्षेत्र के ग्रामीण व शहर वासियों का अस्तित्व मिटा रहे हैं।

## राहगीरों के लिए पनशाला खोलना पुण्य का काम: कर्नल संजय

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद जैसे क्षेत्र में एक ओर पानी के लिए हाहाकार मचा है। इस भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए पानी का समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में पनशाला खुलना सबसे पुनीत कार्य है। यह बात सोमवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने मधुशाला रोड स्थित जपला चौबे नदी पर एक पनशाला के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा की प्यासे को पानी पिलाना धर्म का काम है और इस तरह के नेक कार्यों में हम सभी को निस्वार्थ भाव से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विदित हो कि इस पनशाला का संचालन जपला चौबे निवासी शिव प्रजापति विगत 10 वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। उन्होने कहा कि गरीबों के सेवा करने से मुझे सुकून मिलता है। मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, लालधन ठाकुर, अजय सिंह, विनय सिंह, गणेश प्रजापति, बीर बहादुर सिंह, विजय प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

# संत मरियम स्कूल के आनंद को मिली राष्ट्रीय स्तर की स्पांसरशिप

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रोएमएमएल लीग के तत्वाधान में मुंबई में आयोजित होने वाली नेशनल ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप जो कि 28 और 29 अप्रैल को मुंबई के मलाड स्थित मड आईलैंड में होने वाली है। इस चैंपियनशिप में कुल 21 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह चैंपियनशिप बहुत ही बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। भारत में आयोजित होने वाले तमाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिताओं में से यह एक बहुत ही भव्य, शानदार और बड़ा आयोजन होने वाला है। इस प्रतियोगिता के पूर्व इसके आयोजन से पहले धनबाद में कोच निमित्त साहनी द्वारा फाइटर सिलेक्शन ट्रायल सेमिनार का आयोजन किया गया था। सेमिनार में झारखंड से 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें से पलामू के आनंद कुमार का सिलेक्शन किया गया था। कोच निमित्त साहनी के द्वारा उन्हें इस टूर्नामेंट में पूरी तरह निशुल्क भाग करने के लिए स्पॉन्सरशिप की घोषणा की गई थी। मार्शल आर्ट में खिलाड़ी अपना करियर बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं पर हमेशा यह होता है कि पैसों की कमी और आर्थिक समस्या के कारण उनको एक अच्छा प्लेटफार्म नहीं मिलता है और यही सोचते हुए प्रोएमएम लीग के हेड कोच एवं प्रेसिडेंट निमित्त साहनी वा उपाध्यक्ष कोच संजीत कुमार ने ये घोषणा की, कि अब वैसे फाइटर जिन्हें आगे आने का मौका नहीं मिलता है या आर्थिक तंगी के कारण अपने आप को एक प्लेटफार्म पर लेकर नहीं जा पाते हैं हम उन्हें ऊपर लाएंगे और उनकी हर तरह से मदद करेंगे चाहे वह आर्थिक मदद हो या फिर उनको टेक्निकल ट्रेनिंग प्रदान की जरूरत हो, हम उन्हें सबकुछ मुहैया कराएंगे और उन्हें एक अच्छा प्लेटफार्म देने की कोशिश करेंगे। आनंद कुमार, डाल्टनगंज स्थित संत मरियम स्कूल के छात्र है जो इस प्रतियोगिता में एक स्पॉन्सर फाइटर की तरह पार्टिसिपेट करेंगे और प्रोएमएमए लीग के बैनर तले इस नेशनल ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व भी करेंगे। छात्र की सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बधाई देते हुए कहा कि आनंद शुरूआती दौर से ही कराटे के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रयासरत रहा है। उसके कठिन परिश्रम, बेहतर कोच के द्वारा प्रशिक्षण से राष्ट्रीय स्तर का स्पांसरशिप मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। पूरा विद्यालय परिवार छात्र की सफलता से गौरवान्वित है। साथ ही श्री देव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिले स्पॉन्सरशिप का सदुपयोग करते हुए आनंद कुमार विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी विजयी साबित होंगे ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। आनंद कुमार पिछले कई सालों से कोच संतोष कुमार के देखरेख में मार्शल आर्ट में अभ्यासरत है और पूरे डाल्टनगंज में पहले ऐसे छात्र है जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर स्पॉन्सरशिप प्राप्त हुआ है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए अपने कोच संतोष कुमार के निर्देशन में 26 अप्रैल को मुंबई के लिए रवाना होंगे। आनंद कुमार के साथ शिव दयाल सिंह और शशिकांत कुमार सिंह भी इस चैंपियनशिप में डाल्टनगंज से हिस्सा लेंगे।

## स्पोर्ट्स



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारत ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मुंबई के बैटर अजिंक्य रहाणे का भी नाम है। 15 महीने बाद उन्हें टीम इंडिया में जगह दी गई है।

### रहाणे की 15 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी, भारत ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे, टीम में 6 स्पेशलिस्ट बैटर, पर सूर्यकुमार नहीं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारत ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मुंबई के बैटर अजिंक्य रहाणे का भी नाम है। 15 महीने बाद उन्हें टीम इंडिया में जगह दी गई है। रहाणे ने अपना पिछला मुकाबला 11 जनवरी 2022 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। टीम में 6 स्पेशलिस्ट बैटर शामिल किए गए हैं, पर इनमें सूर्यकुमार यादव का नाम नहीं है।डब्ल्यूटीसी का फाइनल 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के ओवल मैदान में इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच होना है। टीम इंडिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। 2021 में खेले गये पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया था।

**आइपीएल में रहाणे का शानदार प्रदर्शन:** रहाणे का आइपीएल के 16वें सीजन में शानदार प्रदर्शन जारी है। उन्होंने इस सीजन में आक्रामक बल्लेबाजी की है। अब तक खेले 5 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 199.05 रहा है।

केकेआर के खिलाफ रहाणे ने 29 गेंदों पर 71 रन की नाबाद पारी खेली। इसमें उन्होंने 6 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं, मुंबई के खिलाफ जब चेन्नई मुश्किल में थी तो रहाणे ने 27 गेंदों में 61 रन की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभायी। इसके अलावा बेंगलुरु के खिलाफ 37 और राजस्थान के खिलाफ 31 रनों की पारी खेली थी।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

### भरत को पंत के विकल्प के तौर पर चुना गया

केएस भरत भी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम इंडिया में शामिल किये गये हैं। भरत को चोटिल ऋषभ पंत के विकल्प के तौर पर चुना गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भरत ने भारतीय टीम के लिए अपना टेस्ट डेब्यू किया था।

### टेस्ट में हाइएस्ट स्कोर 188 रन, 38.52 का औसत

रहाणे ने अब तक 82 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें उनका औसत 38.52 है। वो 5 हजार रन से 69 रन ही पीछे हैं। उन्होंने 12 सेंचुरी और 25 फिफ्टी लगाई है। हाईएस्ट स्कोर 188 रन है।

सूर्यकुमार यादव ने इस साल फरवरी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में टेस्ट डेब्यू किया था। इस टेस्ट में उन्होंने एक पारी खेली थी और 8 रन बनाए थे। उसके बाद बाकी के 3 टेस्ट में प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना पाए थे। आइपीएल के 16वें सीजन में सूर्यकुमार का खराब फॉर्म जारी है। मुंबई इंडियन के बल्लेबाज सूर्या इस सीजन में छह मैच खेले हैं और महज 123 रन बना सके हैं। इस सीजन में उन्होंने केवल एक फिफ्टी लगाई है। फ्छइ के खिलाफ पहले मैच में 15 रन और चेन्नई के खिलाफ 1 रन बनाया। दिल्ली के खिलाफ वो शून्य पर आउट हुए। पंजाब के खिलाफ फिफ्टी लगाई और कोलकाता के खिलाफ 43 रन की पारी खेली।

## रोजगार की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मधुबन कोल वाशरी में किया प्रदर्शन

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र अंतर्गत संचालित मधुबन कोल वाशरी में रोजगार की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने राजू कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदर्शन किया। नेतृत्वकर्ता ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने संबंधी निर्देश को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। जबकि वाशरी में बाहरी लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने मांग किया कि प्रबंधन ट्रांसपोर्टिंग सहित अन्य कार्य में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दें। साथ ही प्रबंधन सीएसआर फंड से आस पास गावों में विकास करने का काम करें। प्रबंधन अगर मांगों पर जल्द विचार नहीं करती है तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रुप से गौतम पांडेय,प्रकाश चौहान,बंटी हरि, अयोध्या पांडेय,अनुरुद्ध यादव,गोपाल महतो,नरेश महतो,गंगा रवानी,राजेश रविदास,बिरजू रविदास, बंटी रवानी सहित दर्जनों युवा शामिल थे।

## बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश से लोकहित के मामलों को लेकर मिले सांसद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सांसद धनबाद पशुपति नाथ सिंह बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश से लोकहित के मामलों को लेकर मिले सांसद ने संयंत्र के निदेशक प्रभारी से ऑपरेंटिस किए विस्थापितों को नियोजन के लिए उचित पहल करने, सभी जनवृतों में सामुदायिक भवन निर्माण, सामुदायिक भवन परिसर में पूर्व की भांति पुस्तकालय की व्यवस्था, निगमित सामाजिक दायित्वों के तहत विस्थापित गांव में पेयजल आपूर्ति, केंद्र सरकार के स्वक्षता अभियान को प्रबंधन विभिन्न सेक्टरों में मूर्त रूप दे, सेक्टर 01 आयकर भवन से सेक्टर वन धोबी मुहल्ला, रामनगर कॉलोनी सड़क को जीणोर्धार किया जाये। 2014 से ठेका मजदूरों को मिलने वाली अहअ की राशि में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की गई है, ठेका मजदूरों के उत्पादन में भूमिका को देखते हुए इसे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से भइया आरएन ओझा, कमलेश राय, अशोक कुमार वर्मा, विद्या सागर सिंह बिनोद महतो, राजीव कंठ, अर्चना सिंह, मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, राकेश मधु, अवधेश यादव, ऋतु रानी सिंह, अजय चौधरी, इंद्र कुमार झा, शंकर रजक, फूलचंद महतो, नागेंद्र पूरी, धर्मेंद्र महथा, राम सुमेर सिंह, पहलू महतो, प्रकाश सिंह मोंटी, राजेश सिंह, अजय चौधरी, लखन गोरई, अवधेश राय, रवि शंकर गौर रजवार, अनिल कुमार सिंह, फूलचंद महतो, योगेंद्र चौधरी, कुंदन सिंह, राजेश सिंह, लखन गोरई सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## विस्तारीकरण योजना पर ग्रामीणों संग वार्ता के दौरान विधायक ढुल्लू ने जीएम को कहा शटअप




**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के ब्लॉक टू क्षेत्र के कोलियारियों को विस्तारीकरण करने की पहल शुरू हो गई है। मंगलवार को बीसीसीएल के स्वतंत्र निदेशक शशि सिंह ने ब्लॉक टू क्षेत्र का दौरा कर विस्तारीकरण योजना पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो एवं ब्लॉक टू क्षेत्र के जीएम चितरंजन कुमार सहित कई अन्य अधिकारीगण के साथ केसरगढ़ बस्ती के ग्रामीणों से मिल उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सूना, जहां ग्रामीणों ने बताया कि बीसीसीएल जमीन अधिग्रहण करने बाद भी नियोजन,मुआवजा एंव पुनर्वास नहीं करा रही है। जबकि 212 नियोजन स्वीकृत हो चुका है। जिस पर स्वतंत्र निदेशक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही बैठक कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जायेगा। वही दूसरी तरफ ग्रामीणों के तरफ से बातचीत करने के लिए आये बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और ब्लॉक टू क्षेत्र के जीएम चितरंजन कुमार के बीच छोटी छोटी बातो को लेकर कई बार बकझक भी हुई। इस दौरान आवेशित हो बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने बीसीसीएल अधिकारी और ग्रामीणो की उपस्थिति में ही जीएम चितरंजन कुमार डांटते हुए शटअप (अंग्रेजी में) कहते हुए कहा तुम्हे बात करने का तरीका नही आता है। बीसीसीएल के स्वतंत्र निदेशक शशि सिंह ने बीच बचाव कर बात को रफा-दफा किया। बीसीसीएल के तरफ से जीएम चितरंजन कुमार, एजीएम एसबी कुमार, परियोजना एंड प्लानिंग मैनेजर टीएस चौहान, भू-संपदा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार तथा ग्रामीणो मे दिवाकर महथा,पंकज महथा, शशि महथा, शिवशंकर महथा, झारखंडी रजक, मेहन महथा, रामप्रवेश रजक, शंभू महथा, अवधेश महथा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### धनबाद में दिनदहाड़े दो स्थानों पर अपराधियों ने दिया छिनतई की घटना को अंजाम

# व्यापारी से 3.72 लाख तो महिला से एक लाख रुपये की चेन छीनी

**पुलिस मामले की जांच में गहनता से जुट गई है। दोनों पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी है। एक ने 3 लाख 72 हजार 300 सौ तो दूसरे ने सोने की चेन (लगभग 1 लाख) की छिनतई की शिकायत दी है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े दो स्थानों पर बाइक सवार अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दे सनसनी फैला दी। कहा जा रहा है की दोनो घटना में एक ही बाइक सवार अपराधियों की संलिप्तता है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में गहनता से जुट गई है। दोनों पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी है। एक ने 3 लाख 72 हजार 300 सौ तो दूसरे ने सोने की चेन (लगभग 1 लाख) की छिनतई की शिकायत दी है।



### सब्जी लेने गई महिला के गले से छीनी चेन

पहली घटना में मंगलवार की सुबह सदर थाना क्षेत्र के बाबूडीह पॉलिटेक्निक रोड दुर्गा मंदिर के पास घटी। जहां बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली व फरार हो गए। पीड़ित महिला सुषमा वर्मा ने बताया कि वह सब्जी लेकर घर लौट रही थी। तभी बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली। अपराधी मैरून कलर की मोटरसाइकिल पर सवार थे। हल्ला करने के बाद दोनों भागने लगे। दोनों चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे।

### हथियार के बल पर छीने 3.72 लाख

दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र पॉलिटेक्निक रोड के पास पल्सर बाइक पर सवार अपराधियों ने गेंहू व्यापारी भुक्तभोगी गौतम कुमार से 3 लाख 72 हजार 3 सौ छीन लिये एवं आराम से भाग निकले। अपराधियों ने भुक्तभोगी गौतम कुमार से हाथापाई और मारपीट की। हथियार दिखाकर जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि वह अनाज के व्यापारी आशीष सिंह के यहां काम करते हैं। झरिया के भागा से तगादा का पैसा लेकर बारामुड़ी स्थित अपने कार्यालय लौट रहे थे। पैसे थैले में रखे थे। तभी काले और ब्लू रंग के पल्सर पर सवार दो युवक हेलमेट पहने आए और रुपये से भरा थैला छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर अपराधियों ने मारपीट की व रिवाल्वर निकालकर उनकी कनपटी पर सटा दिया, फिर थैला लेकर फरार हो गये। सूचना मिलने पर सदर पुलिस दल-बल के साथ पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई।

## नीतीश अश्विनी ने लिया बाघमारा थाना प्रभारी का पदभार, अपराध पर अंकुश प्राथमिकता में शामिल



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** नीतीश अश्विनी बाघमारा के नए थाना प्रभारी बनाये गये हैं। सोमवार को उन्होंने थाना पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। बाघमारा के निवर्तमान थाना प्रभारी सूबेदार यादव एवं बरोरा के पूर्व थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। नये थाना प्रभारी नीतीश अश्विनी ने कहा कि बाघमारा में अपराध पर अंकुश लगाना व क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बाघमारा थाना के निवर्तमान प्रभारी सूबेदार यादव को पुलिस लाइन में योगदान का निर्देश दिया गया है।

## मंदिर में तोड़फोड़ और चोरी करनेवाला गिरोह पुलिस की गिरफ्त में




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हाल ही में मंदिरो में हुए भगवान की मूर्तियों की तोड़फोड़ एवं चोरी की घटनाओं ने बोकारो के पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया था जिसे धत्ता बताते हुए बोकारो एसपी चंदन झा के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे शातिर अपराधियों को धर दबोचने में बोकारो पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल की है। पिछले कुछ दिनों में इस गिरोह ने शहर के 10 मंदिरों को अपना निशाना बनाया था। पुलिस अधीक्षक ने इस गिरोह को दबोचने के लिए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में 16 सदस्यीय विशेष टीम का गठन कर इस गिरोह को दबोचने का जिम्मा दिया था। जिसमे टेक्निकल टीम के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट भी शामिल थे। इस विशेष टीम ने विभिन्न मंदिरों को निशाना बनाने वाले चार शातिर बदमाशों को पकड़ने में सफलता पायी है।पुलिस गिरफ्त में आये इन आरोपियों में मोचरो गांव थाना कसमार का रहनेवाला सदाकत राय उर्फ सदाकत हुसैन, मोचरो का ही रहनेवाला सूरज रजवार, घटवाल टोला बहादुरपुर थाना जरीडीह का कुलदीप सिंह तथा कसमार मोचरो का रहने वाला आफताब राय शामिल है। सीसीटीवी फुटेज एवं गुप्त सूचना के आधार पर रक्ळ टीम द्वारा छापामारी कर घटना के संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बोकारो एसपी चंदन झा ने बताया कि सबसे पहले पुलिस कि टीम ने कसमार के रहनेवाले सुरज रजवार को गिरफतार किया। उसके पास से चुराए गए मंदिर की दान पेटी बरामद हुई। उसके बाद सदाकत राय को भी कसमार उसके घर से पकड़ा गया। सदाकत के पास से चोरी करने में इस्तेमाल किये जाने वाले औजार बरामद हुए। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक मुकेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार रजवार थाना प्रभारी आशीष खाखा, थाना प्रभारी उज्जवल पांडे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### डीडीसी के दूसरे मीटिंग में जाने पर हंगामे की भेंट चढ़ी जिला परिषद की बैठक

# सदस्यों ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परिषद सभागार में रखी गई बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। डीडीसी के बैठक से किसी मीटिंग में जाने के कारण जिप सदस्यों में काफी नाराजगी रही। अपनी बातों को सदन के पटल पर नहीं रख पाने से कई सदस्य नाराज दिखे वही जिला परिषद सदस्यों का कहना है की डीडीसी का अगर मीटिंग था, तो यह बैठक बुलाना ही नही चाहिए था क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से सदस्य अपनी समस्या को लेकर आते है और अपनी समस्या को रख नही पाते है तो फिर बैठक का कोई औचित्य नहीं। वही इस मामले पर जिप अध्यक्ष ने भी नाराजगी जाहिर की।

**जिला परिषद की बैठक में उठा पानी की समस्या:** बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्यों ने एक स्वर में अपने अपने क्षेत्र से जुड़े पानी की



समस्या को डीडीसी के समक्ष रखा। सभी का कहना था कि क्षेत्र में पानी की किल्लत की समस्या बरकरार है। जिससे उनके क्षेत्र के आम आवाम में आक्रोश है। वही बिजली की समस्या को लेकर भी आवाज उठाई गई। वही डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने पानी की समस्या को लेकर कहा कि आंतरिक मद में दो करोड़ रुपया है, उस मद से 7 लाख सभी सदस्यों को पानी की समस्या से निजात के लिए दिया जायेगा।

**इन मुद्दों के लेकर हुई बैठक, सदस्यों ने जतायी सहमतिः** गर्मी में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए टैंकर द्वारा जलापूर्ति करने को लेकर निर्देश दिया गया। 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022 -23 तक वार्षिक कार्य योजना की स्वीकृति, 15 वे वित्त मध्य अंतर्गत कार्यालय सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक उपकरण क्रय की स्वीकृति, सभी जिला परिषद सदस्यों को जिला परिषद की निजी आय से प्रतिमाह मानदेय देने पर विचार, जिला परिषद धनबाद में तकनीकी कर्मियों की कमी को देखते हुए कनीय अभियंता सहायक अभियंता एवं लिपिकों की नियुक्ति, जिला परिषद के अधिवक्ताओं के पूरे पैनल को जिला परिषद की बैठक में ऊपस्थिति सुनिश्चित करें, जिला परिषद की तोपचांची स्थित सामुदायिक भवन जो एनएच 2 के दौरान अधिग्रहित किया गया है उसकी शेष भू भाग में मार्केट बनाने, धनबाद जिला मुख्यालय में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र की छात्राओं हेतु आवाज के लिए बस परिचालन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जायेगा।


## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/05/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | राजीव गांधी सेवा केन्द्र मारंगहादा का अधूरे भवन को पूर्ण कराने का कार्य। | 15,23,900.00 | 31,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 2 | खूँटी | उच्च विद्यालय, मारंगहादा में प्रथम तल्ल का निर्माण कार्य | 34,20,000.00 | 69000.00 | 5,000.00 | 4 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 27.04.2023 के अपराह्ण 12:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 06.05.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 08.05.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.05.2023 अपराह्ण 01:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 295864 District(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### भर्ती कैम्प सूचना

**जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू** के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 28/04/2023 दिन शुक्रवार को **जिला नियोजन कार्यालय परिसर, डालटनगंज** में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | Category | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | Axix Training Centre for Skill, Patna | Loan Officer | Male/Female | 50 | 12th to Graduation | 18 to 35 | 15,000/- | All Jharkhand |
| | | TCO | | 150 | | | 16,000/- | |
| | | RO | | 25 | | | 15,000/- | |
| | | BRE | | 25 | | | 17,500/- | |

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं **स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत)** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

**नोट** :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 295900 District(23-24).D


### व्याप्त समस्याओं के निदान पर भेंडाकांटा में सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन

# ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री रागिनी और विधायक को किया सम्मानित






आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** वर्षो से व्याप्त समस्याओं के निदान होने पर उत्साहित बस्ताकोला भेड़ाकांटा बस्ती के स्थानीय लोगों ने मंगलवार को सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह व भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष सह चंदनक्यारी के विधायक अमर कुमार बाउरी को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया। बताते चले कि भेड़ाकांटा बस्ती में रहने वाले ग्रामीणों ने कुछ माह पूर्व रागिनी सिंह से मिलकर पानी, बिजली, नियोजन समेत अपनी कई समस्याओं से अवगत कराया था जिसके उपरांत श्रीमती सिंह के अथक प्रयास के बाद बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधन के द्वारा सहमति बन जाने के बाद लोगो की समस्याओं का निवारण कर दिया गया। जिसकी खुशी जाहिर करते हुए भेड़ाकांटा बस्ती के रहने वाले हजारों ग्रामीणों ने श्रीमती सिंह का स्वागत अभिनंदन कर उनके इस सार्थक प्रयास के लिए आभार प्रकट किया।

### देश के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है

मंच को साझा करते हुए पूर्व मंत्री सह चंदनक्यारी के विधायक अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी जनता के हित में कार्य करती रहेगी आप सभी के प्यार और आशीर्वाद से आज दलित समाज का विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला आप सभी अपने बच्चो को पढ़ाने लिखाने का काम करे जिससे उनका भविष्य सुधारने का काम करे जिससे उनके आने वाले भविष्य में सुधार आए गरीब घर में पैदा होना नियति थी लेकिन गरीब मरना या जीना आपके हाथ में है मैं आप सभी के साथ हमेशा खड़ा था और रहुगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू दास ने की,वही मौके पर रंजीत दास,अहल्लाद बाउरी,सुशील बाउरी,अजीत दास,बंटी दास,बिक्रम दास,बप्पी बाउरी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा,जमुनादास, कैलाश दास,धनंजय बाउरी,सूरज बाउरी,किरण देवी,आशा देवी,उपाशी देवी,पूर्णिमा देवी,लक्ष्मी देवी,अनीता देवी,बेला देवी,सीमा दास,सुलोचना देवी,मंजू देवी,तारिणी देवी,सीमा बाउरी के अलावा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### लोगों की समस्या के लिए आगे भी लड़ाई जारी रहेगी

मंच के माध्यम से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि आज भेड़ाकांटा बस्ती के लोगों को अपनी समस्याओं से निजात मिल गया वही इस कार्य के लिए मैं यहां के युवा साथियों को बधाई देती हूं जिनके द्वारा लगातार प्रयासरत रहकर मुझे समस्याओं से अवगत कराया जिसके फलस्वरूप आज यहां के लोगो पानी सहित अन्य सम्मास्याओं का समाधान करने में सफलता मिली। मैं आगे भी आप लोगो के लिए लड़ाई जारी रखूंगी।

## वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री सार्वजनिक काली मंदिर राजा तालाब कतरास के वार्षिकोत्सव पर सोमवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया।भजन संध्या की शुरूआत शंकर ठाकुर ने गणेश वंदना की। अंजली कुमारी ने शेरावाली मैय्या नैय्या पार लगा देना ... भारत का बच्चा बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा ...लक्ष्मी कुमारी ने मन लेके आया माता रानी के भवन में...आदि भक्ति गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। सुमिरन झांकी ग्रुप महुदा के कलाकार लक्ष्मण गोस्वामी,उत्तम गोस्वामी,अजीत गोस्वामी, प्रभाकर गोस्वामी, शीतल गोस्वामी ने महिषासुरमर्दिनि सहित एक से बढ़कर एक भक्ति झांकी प्रस्तुत कर श्रोताओं के बीच अपना अलग स्थान बनाया। रिकॉर्डिंग झांकी पर दर्शकों ने खूब तालियां बजायी। नाल पर मुरली सिंह नाथू ऑर्गन पर उमेश सिंह,पैड़ पर रमेश सिंह, गिटार पर सोनू ने संगत किया। मौके पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी,राजेश स्वर्णकार, मनजीत दे,मिंटू चंद्रा,अमर सेन दिगंबर लाहकार उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

47वीं औपबंधिक सूची
जिला :– गुमला

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम की विवरणी | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–267<br>2. आवेदक–कुमार मिंज उर्फ मुक्त कुमार मिंज<br>3. पिता–स्व0 थेदोर मिंज<br>4. ग्राम–मेड़ीताल, जित्या टोली पोस्ट–नवाडीह<br>5. थाना–डुमरी प्रखण्ड–डुमरी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही। | डुमरी थाना काण्ड सं0 13/89 जी0आर0 सं0 259/89 | नहीं | कारण :– दिनांक 20.04.1989 को झारखण्ड पार्टी के जुलूस के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने तथा रंगदारी का आरोप।<br>धारा–427/379 भादवि<br>पार्टी–झापा<br>जेल की अवधि–06 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–278<br>2. आवेदक–बसंत तिर्की<br>3. पिता–स्व0 तलबियुस तिर्की<br>4. ग्राम–हडसरी, करम टोली पोस्ट–नवाडीह<br>5. थाना–डुमरी प्रखण्ड–डुमरी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही। | डुमरी थाना काण्ड सं0 13/89 जी0आर0 सं0 259/89 | नहीं | कारण :– दिनांक 20.04.1989 को झारखण्ड पार्टी के जुलूस के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने तथा रंगदारी का आरोप।<br>धारा–427/379 भादवि<br>पार्टी–झापा<br>जेल की अवधि–06 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक–329/23<br>2. आवेदक–सीमा देवी<br>3. पिता–स्व0 लालदेव साहु<br>4. पति–प्रेम शंकर साहु<br>5. ग्राम–पोढ़ा पोस्ट–नागफेनी<br>6. थाना–सिसई प्रखण्ड–सिसई<br>7. लिंग–महिला आयु–46 वर्ष<br>8. पहचान चिह्न–बांये आंख के भौवे में कटे का निशान। | नहीं | नहीं | कारण :– नागपुरी गीत के माध्यम से झारखण्ड आन्दोलन को प्रेरित करने के साक्ष्य के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — PR 295912 Home (23-24)_D — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# सोआ को देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का दर्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** देश की प्रमुख करेंट अफेयर्स और करियर पत्रिका कॉम्पिटिशन सक्सेस रिव्यू (उरफ) ने यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) को वर्ष 2023 के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय घोषित किया है और शिक्षा के क्षेत्र में इसकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान रविवार को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

इस सम्मान समारोह में सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक को सीएसआर द्वारा देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के संस्थापक के रूप में सम्मानित किया गया। इसी तरह सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आइटीइआर) को सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया है और स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट को सर्वश्रेष्ठ होटल प्रबंधन शैक्षणिक संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया है। सोआ की ओर से श्री निगमानंद पृष्टि ने यह सम्मान ग्रहण किये।

सीएसआर मैगजीन के फाउंडर एडिटर एसके सचदेवा सम्मान प्रदान करने के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में सोआ के योगदान की सराहना की। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो नायक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# रेलवे बोर्ड सदस्य इन्फ्रा ने अधिकारियों के साथ पूर्व तट रेलवे प्रदर्शन की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रेलवे बोर्ड के सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट /इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) रूप नारायण सुनकर ने मंगलवार को रेलवे मुख्यालय भुवनेश्वर में पूर्व तट रेलवे के अधिकारियों के साथ रेलवे के बुनियादी ढांचे के कार्यों के प्रदर्शन और इसके विकास की समीक्षा की। श्री सुनकर ने माल परिवहन और यात्री परिवहन दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न संगठनों और उद्योगों, बंदरगाहों और कॉपोरेट संस्था जैसे हितधारकों के साथ सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया, जिससे विभिन्न भागीदारों और रेलवे को लाभ हो सकता है। श्री सुनकर ने पुरी और कटक स्टेशनों के विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ पुनर्विकास के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को परियोजना के काम को अनुकरणीय और आकर्षक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ-साथ आम जनता की सुविधा के लिए इन प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने की सलाह दी। श्री सुनकर ने अधिकारियों से विशेष रूप से यात्री केंद्रित सुविधाओं के लिए परियोजना को जल्द पूरा करने पर ध्यान देने को कहा। समीक्षा बैठक में मनोज शर्मा महाप्रबंधक पूर्व तट रेलवे, शरद कुमार श्रीवास्तव अतिरिक्त महाप्रबंधक और रेलवे के मुख्य मंडल अधिकारी जैसे मुख्य प्रशासक/निर्माण, मुख्य अभियंता, मुख्य प्रबंधन अधिकारी, मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, मुख्य विद्युत अधिकारी, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अधिकारी एवं मुख्य इन्वेंटरी अधिकारी उपस्थित थे ।

# आपसी सहयोग के लिए सोआ और यूएसटी प्रोडक्ट इंजीनियरिंग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) और आईटी सेवाओं और समाधानों के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी यूएसटी प्रोडक्ट इंजीनियरिंग के बीच सोमवार को आपसी सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। एमओयू पर सोआ के प्रो-वाइस चांसलर प्रो शितिकंठ मिश्र और यूएसटी प्रोडक्ट इंजीनियरिंग के अध्यक्ष एस रामप्रसाद के बीच हस्ताक्षर किये।

समझौते के अनुसार यूएसटी प्रोडक्ट इंजीनियरिंग औद्योगिक प्रशिक्षण और सोआ के छात्रों को अपनी समूह कंपनियों में जाने की सुविधा प्रदान करेगा, ताकि वे नवीनतम विकास और उद्योग की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें और उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल कर सकें।

इस अवसर पर सोआ के निदेशक प्रो मानस कुमार मल्लिक, सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च के डीन प्रो पीके साहू, एडिशनल डीन एकेडमिक्स प्रो डीएन थाटोई, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग के प्रमुख प्रो देबाहुती मिश्र, कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (सीएसआइटी) विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अजीत नायक, डेटा साइंस विभाग के समन्वयक प्रो मनोरंजन पाढ़ी और प्लेसमेंट के अतिरिक्त डीन प्रो आरके होता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वेदांता एल्युमीनियम ने सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने के लिए झारसुगुड़ा में नयी सामग्री रिकवरी सुविधा का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



Material Recovery Facility for waste segregation at Vedanta Jharsuguda

Singhabhaga wetlands clean-up drive in Jharsuguda by Vedanta employees

**भुवनेश्वर।** भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम ने कई पहलों के माध्यम से ओड़िशा और छत्तीसगड में अपने संचालन में पृथ्वी दिवस 2023 मनाया, जो एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। कंपनी ने अब ओडिशा के झारसुगुडा जिले में अपने संचालन में एक नयी सामग्री रिकवरी सुविधा, उपयोगी सामग्री में कचरे को अलग करने और संसाधित करने के लिए एक विशेष संयंत्र की तैनाती करके इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है, जो दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान एल्यूमीनियम स्मेल्टरों में से एक है। 'जीरो वेस्ट' हासिल करने के कंपनी के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम, नई सुविधा झारसुगुड़ा संयंत्र में उत्पन्न अपशिष्ट सामग्री के उपचार और स्थायी प्रबंधन में मदद करेगी, जिससे उन्हें नये उत्पादक उपयोगों में लाया जा सकेगा। अकेले मार्च 2023 में इस सुविधा ने 27,828 किलोग्राम, या लगभग 28 टन सूखे और गीले कचरे को कई उपयोगी सामग्रियों में परिवर्तित किया है। मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी से उत्पन्न होने वाले रिसाइकिल योग्य मूल्यवान कचरे का उपयोग संयंत्र के संचालन के भीतर किया जाता है, जैसे जैव-खाद और बागवानी गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाने वाले ब्रिकेट, मटीरियल रिकवरी सुविधा से उत्पन्न किसी भी गैर-पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को सह-प्रसंस्करण के लिए सीमेंट उद्योगों को भेजा जाता है, जो घरेलू विनिर्माण परिदृश्य के भीतर सर्कुलर इकोनॉमी के रास्ते स्थापित करने की नयी संभावनाओं को प्रदर्शित करता है। इसके परिणामस्वरूप 34,820 किग्रा से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य उत्सर्जन में कमी आयी है, जबकि इसके परिणामस्वरूप लगभग 48,735 केडब्ल्यूएच की ऊर्जा की बचत भी हुई है, जो कचरे को लैंडफिल से अधिक लाभकारी रास्ते की ओर ले जाने से प्राप्त हुई है। विशेषज्ञ अनुमानों के अनुसार बचायी गयी ऊर्जा 6090 घंटे के लिए 100 एलईडी टीवी, 8120 घंटे के लिए 100 लैपटॉप और 6090 घंटे के लिए 1000 एलइडी बल्ब के बराबर बिजली देने के लिए पर्याप्त है।

## बामरा और धरुआडीह स्टेशनों के बीच सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेलवे जोन के बामरा और धरुआडीह स्टेशनों के बीच सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के मद्देनजर पूर्व तट रेलवे से आने और जाने वाली ट्रेनें इस दिन प्रभावित रहेंगी।

**रद्द होने वाली ट्रेनें:** 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस दोनों तरफ 26.04.2023 को।, 18108 जगदलपुर-राउरकेला इंटर सिटी एक्सप्रेस जगदलपुर दिनांक 25.04.2023, 18107 राउरकेला-जगदलपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस राउरकेला से दिनांक 26.04.2023 को, 18118 गुनपुर-राउरकेला राजाराणी एक्सप्रेस 25.04.2023 को गुनपुर से, 18117 राउरकेला-गुगुपुरन राजाराणी एक्सप्रेस राउरकेला से 26.04.2023 को।

**ट्रेन के दौरान परिवर्तन:** 12836 बंगालौर-हटिया एक्सप्रेस दिनांक 25.04.2023 को बंगालौर से रवाना होने वाली है, जो 03 घंटे 45 मिनट की देरी से निकलेगी, 18311 संबलपुर-बनारस एक्सप्रेस दिनांक 26.04.2023 को संबलपुर से रवाना होने वाली 02 घंटे 45 मिनट की देरी से निकलेगी, 25.04.2023 को रूसिकेश से छूटने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी किलिंग उत्कल एक्सप्रेस 03 घंटे 45 मिनट की देरी से निकलेगी।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण:** 12871 हावड़ा-टिटलागड इस्पात एक्सप्रेस 26.04.2023 को हावड़ा से निकलने वाली है जो चक्रधरपुर तक चलेगी और चक्रधरपुर से टिटिलागड तक रद्द रहेगी। यह ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में हावड़ा लौटेगी, 22862 22862 22862 कंटाबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 26.04.2023 को कंटाबांजी से झारसुगुड़ा तक चलेगी और झारसुगुड़ा से हावड़ा तक रद्द रहेगी. यह ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में वापस टिटिलागड, कंटाबांजी लौटेगी। 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 25.04.2023 को पुरी से चलने वाली है और संबलपुर तक जाएगी और संबलपुर से हटिया के लिए रद्द रहेगी। 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस 26.04.2023 को हटिया से चलने वाली है, हटिया के बजाय संबलपुर से पुरी तक चलेगी। हटिया से संबलपुर तक निरस्त रहेगी।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**